हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शनिवार • 10 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 241 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00











झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024

### उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम की झलकियां

## मुख्य आकर्षण

सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूर्वाह्न 11 बजे से

- नगाड़ा समूह का वादन
- आसाम बैंड की प्रस्तुति
- "फ्लेम ऑफ दी फारेस्ट" वादन कार्यक्रम
- आदिवासी परिधान प्रदर्शन प्रस्तुति
- लेजर एवं फायर शो (VFX)

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**समस्त माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार**

तथा

माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण
एवं अन्य गणमान्य अतिथियों
की गरिमामय उपस्थिति में

**शनिवार 10 अगस्त, अपराह्न 05:00 बजे से**

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, जेल चौक,
रांची में आयोजित है

### समारोह में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 332325 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### पनकारा में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की गई जान

**डुमरिया**। डुमरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पनकारा में ठनका की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान पनकारा गांव निवासी 65 वर्षीय केवल देवी पति परमेश्वर महतो के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह गुरुवार की दोपहर खेत के बधार में गई हुई थी। तभी अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हो गई जिसकी चपेट में आने से वह झुलस गई। वहीं परिजनों द्वारा उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए स्थानीय के सीएससी ले जाकर में भर्ती कराया गया। जहां वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं इस संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पनकारा में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है।

### ठनका से खेत में काम कर रहे मजदूर सहित महिला की मौत

**मानपुर**। मुफ्फसिल थाना अंतर्गत कईया पंचायत के खरहरी गांव के बधार में ठनका गिरने से दो लोगो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान खरहरी निवासी स्व नंदलाल महतो की पत्नी सुनैना देवी 58 वर्ष और वजीरगंज थाना की करजारा पंचायत के भींडस निवासी स्व बिल्टू मांझी के बेटे सुरेंद्र मांझी 35 वर्ष के रूप में हुई। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजनों में मातम छा गया। रो-रो कर बुरा हाल है। घटना अपराह्न 1 बजे की है। मृतक के परिजनों ने बताया की सुनैना मवेशी चरा रही थी। अचानक हुई बारिश से बचने के लिए पास के एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। वहीं सुरेंद्र खेत में मेड़ बना रहा था। तभी जोरदार आवाज के साथ ठनका पास में ही गिर गया, जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे ही सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव को लेकर आनन फानन में मुफ्फसिल थाना पहुंचे। जहां शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। सीओ सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत जल्द ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा।

### सरोवर व वेदियों के पास खराब लाइटों को जल्द कराएं ठीक

**गया**। आगामी पितृपक्ष मेला महासंगम, 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से डीएम डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने गुरुवार को प्रेतशिला, रामशिला, कागबली, पिता महेश्वर और अक्षयवट सरोवर का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पिता महेश्वर सरोवर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने इसकी जल्द से जल्द सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही सरोवर की सीढ़ी पर जमी काई को अच्छी तरह से साफ करने को कहा गया ताकि फिसलन न रहे। पूर्व से वहां लगी लाइट के संबंध में बताया गया कि कुछ लाइटें खराब हैं। यहां अतिरिक्त लाइट की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि खराब लाइट की मरम्मत करें और अतिरिक्त लाइट लगवाना सुनिश्चित करें। शौचालय के संबंध के बताया गया कि पूर्व से यहां 10 शौचालय उपलब्ध हैं, जिसकी मरम्मत और सफाई की आवश्यकता है। इसपर आवश्यक निर्देश दिया गया। डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर को निर्देश दिया कि आवश्यक साइनस लगाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आसपास में आवारा पशु को हटाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर को निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि आवश्यकता अनुसार पंडाल लगवाना सुनिश्चित करें। रामशिला वेदी के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने निर्देश दिया कि तालाब के आसपास बैरिकेडिंग करना आवश्यक है। साथ ही पूर्व से लगी रेलिंग की मरम्मति भी करवाएं और टूटे हुए टाइल्स को यथाशीघ्र बदलवा दें।

### रामशिला पर्वत पर महादेव का बर्फ से होगा श्रृंगार

**गया**। देवो के देव महादेव का पावन माह सावन के अब 11 दिन शेष हैं। सोमवार से शुरू भोले का पावन माह इस बार सोमवार को ही समाप्त होगा। 19 अगस्त को शिव के भक्त महादेव के लिए आखिरी सोमवारी का व्रत रखेंगे। इसी दिन एक माह तक चले शिवार्चना का समापन श्रद्धालु हवन से करेंगे। इसके पूर्व 12 अगस्त चौथे सोमवारी पर रामशिला पर्वत पर विराजमान पातालेश्वर महादेव का बर्फ की सिल्ली से भव्य श्रृंगार होगा। पूरे गर्भगृह को बर्फ की सिल्ली से सजाया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि बर्फ की सिल्ली भी महादेव के रूप में दर्शन देंगे। इस सिल्ली पर बेलपत्र, हल्दी व अन्य चीजों से सजावट की जाएगी। इस संदर्भ में सोमवरिया शिव श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिलिन्द पुरी ने बताया कि रामशिला पहाड़ की चोटी पर पातालेश्वर महादेव विराजमान है। इस वर्ष भी सावन माह की चौथे सोमवारी पर अमरनाथ की तर्ज पर पातालेश्वर महादेव की झांकी देखने को मिलेगी। श्रृंगार की प्रक्रिया 12 अगस्त की शाम 06:30 बजे से शुरू होगी। रात्रि 10 बजे के बाद मंदिर का पट खुलेगा और श्रद्धालु अद्भुत श्रृंगार का दर्शन कर सकेंगे। महादेव के इस रूप के दर्शन से तमाम इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। 12 की सुबह शुरू होगा 24 घंटे का अखंड-कीर्तन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि रामशिला पर्वत पर चौथी सोमवारी के दिन कई कार्यक्रम हैं। शुरुआत अखंड कीर्तन से होगा। 12 अगस्त की सुबह 11 बजे से 24 घंटे का अखंड-कीर्तन प्रारंभ होगा। कीर्तन रामधुन पर आधारित होंगे। कीर्तन का समापन 13 अगस्त की सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पूरे मंदिर परिसर में लाइटिंग व सजावट का काम पूरा हो चुका है। करीब चार सौ फीट ऊंचा है रामशिला पर्वत अध्यक्ष मिलिन्द पुरी ने बताया कि रामशिला पर्वत करीब चार सौ फीट ऊंचा है। पहाड़ पर चढ़ने के लिए छोटी-बड़ी करीब 365 सीढ़ियां हैं। समिति से जुड़े युवा मिलकर बर्फ की 35 सिल्ली को पहाड़ की चोटी पर पहुंचाएंगे, फिर श्रृंगार की प्रक्रिया शुरू होगी। सर्वप्रथम महादेव की रंग-बिरंगें विभिन्न तरह के फूलों व अन्य सामग्री से साज-सज्जा की जाएगी, फिर बर्फ से श्रृंगार होगा। इस श्रृंगार में करीब तीन से चार घंटे लगेंगे।



### नालंदा में बदमाशों का आतंक, दिनदहाड़े हुई गोलीबारी, दिनदहाड़े हुई गोलीबारी



**नालंदा**। बिहार शरीफ के नीमगंज महादेवा इलाके में गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दर्जनों नकाबपोश बदमाशों ने बीच सड़क पर अंधाधुंध गोलीबारी की और एक वाहन का शीशा तोड़कर दहशत फैला दी। बताया जाता है कि दो दिन पहले महलपर चौक पर हुए विवाद के बाद आज एक गुट ने दूसरे गुट पर हमला बोल दिया। हथियार लेकर आए इन बदमाशों ने जमकर गोलीबारी की और कई वाहनों के शीशे भी तोड़ डाले। नीमगंज के रहने वाले पप्पू कुमार और तकिया के वार्ड सदस्य सोनू कुमार के बीच किसी बात को लेकर दो दिन पूर्व विवाद हुआ था। आपसी वर्चस्व को लेकर एक गुट ने दूसरे गुट पर हमला कर दिया और अंधाधुंध फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राम शंकर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, अभी तक किसी भी घायल की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

# किशोर की पीटकर हत्या मिट्टी के ढेर पर मिला शव

## घटनास्थल से एक पेन बरामद, बॉडी पर मिले चोट के निशान

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शुक्रवार की सुबह एक किशोर का शव मिला। मृतक नैरंगा गांव निवासी राजेश उर्फ राजू केवट का 15 वर्षीय बेटा दीपक कुमार है। दीपक के चाचा गोरेलाल ने बताया कि गुरुवार की रात 8:00 बजे के करीब कुछ लड़के दीपक को बुलाकर घर से ले गए थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई बावजूद दीपक का पता नहीं चल सका। सुबह जब गांव की महिलाएं शौच के लिए चिमनी भट्ठा की तरफ गईं तो मिट्टी के ढेर पर दीपक के शव को पड़ा हुआ देखा। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं।

**हत्या से पहले झड़पः** शव मिलने की सूचना जैसे ही परिवार वालों को मिली वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और चीख पुकार मच गई। किशोर के गले में काला निशान है। शरीर पर भी चोट के निशान हैं। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि गला दबाकर और पीट-पीटकर उसकी हत्या की गई है। पास में ही एक कलम भी बरामद किया गया है। शरीर पर कलम से वार के निशान भी है। हत्या से पहले झड़प भी हुई है। शरीर पर जगह-जगह मिट्टी लगी है। दीपक कुमार पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। वह बिंद हाईस्कूल के 9वीं क्लास का छात्र था। दीपक के पिता राजेश, चेन्नई में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। बेटे की मौत की सूचना पर वे घर लौट रहे हैं।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ पता चलेगाः** थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। शरीर पर चोट और गले में काला निशान है। एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

# शख्स का शव बरामद, पहाड़ी के खदान से SDRF ने निकाला शव

निज संवाददाता। गया



पहचान में जुटी पुलिस

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामशिला पहाड़ के निकट पानी से भरे गहरे खदान में अज्ञात शव के मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के कुछ लोगों का कहना है कि शव खदान में बीते दो दिनों से दिख रहा था, लेकिन किसी ने भी इसकी सुध नहीं ली। न ही कोई परिजन उसे खोजते हुए मौके पर पहुंचे। गुरुवार की सुबह के बाद से जब शव से भयंकर बदबू आने लगी तो पुलिस को घटना की सूचना दी गई। गहरा खदान होने की वजह से उसमें कोई उतरने की हिम्मत भी नहीं कर रहा था।

**SDRF ने निकाला शवः** मौके पर पहुंची जिला थाना क्षेत्र और कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस ने एसडीआरएफ को घटनास्थल पर बुलाया। एसडीआरएफ ने काफी मशक्कत के बाद गहरी खदान में उतरी और शव को पानी से भरे गहरी खदान से बाहर निकाला। शव बुरी तरह से गल चुका था। इस वजह से उसकी पहचान करने में लोगों को कुछ भी समझ में नहीं आया। इस वजह से उसकी पहचान नहीं हो सकी है। गहरी खदान में शव कब से पड़ा था। इस बात की जानकारी किसी को नहीं है। इधर पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**क्या बोली पुलिसः** कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए कोशिश की जा रही है। डेड बॉडी बुरी तरह से सड़ जाने की वजह से लोगों को पहचानने में दिक्कत आ रही है। बहरहाल जिले के सभी थाने को सूचना फ्लैश कर दिया गया है।

# ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में गुरुवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मामला गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत बख्तियारपुर रजौली फोरलेन के बढ़ेता शिव मंदिर के समीप की है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के सतौआ बेलदारी गांव निवासी मोहम्मद साबिर अंसारी के (27) वर्षीय पुत्र रिजवान अंसारी के रूप में की गई है। शुक्रवार की सुबह परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया। मृतक के भाई सोहेल अंसारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब 8:00 बजे रिजवान अंसारी गिरियक बाजार से अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने इस बात की सूचना दी, आनन-फानन में जख्मी हालत में इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाने लगे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। चालक गाड़ी घटनास्थल पर छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। गिरियक थाना अध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि ट्रक को जब्त करते हुए वाहन नंबर के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# गया कॉलेज व एचएसआई के बीच हुआ एमओयू

निज संवाददाता। गया



पूरे कॉलेज परिवार के सामूहिक प्रयास से ही गया कॉलेज ने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराया है। शैक्षिक सहभागिता और विकास की ओर अग्रसर इस संस्थान के शिक्षा शास्त्र विभाग ने हरिनारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन सासाराम के साथ एमओयू किया है। जो इस कॉलेज की बेहतरी के लिए आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। एचएसआई सासाराम आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना से संबद्धता प्राप्त है। इस साझा करार के मुताबिक दोनों संस्थान के बीच शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षकों व छात्रों के बीच यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम, शैक्षणिक सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र शास्त्र विभाग, गया कॉलेज गया डॉ. धनंजय धीरज ने बताया कि आज वैश्वीकरण का युग है और ऐसे में एक संस्थान को दूसरे संस्थान के साथ साझा सहयोग करके शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों का आदान-प्रदान कर इस समस्त वैश्विक परिदृश्य की जानकारी हासिल करनी चाहिए। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी यह करार असीम संभावनाओं के द्वारा खोलेगा। डॉ. धीरज ने कहा कि भविष्य में हमारी योजना विद्यार्थियों के बीच यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम और शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित करने की है।

**संयुक्त रूप से आयोजित होंगे कई कार्यक्रमः** हरिनारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन के प्राचार्य और पूर्व संकायाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. वंदना कुमारी ने कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थाओं के साझा विकास की पटकथा लिखेगा और आने वाले दिनों में हम सब संयुक्त रूप से विभिन्न सह शैक्षणिक गतिविधियों यथा सेमिनार और वर्कशॉप का आयोजन भी करेंगे। राकेश सिंह, सचिव हरि नारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ़ टीचर एजुकेशन ने कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए गौरव का विषय है और आने वाले दिनों में हम सब कई साझा कार्यक्रमों को संचालित करेंगे। प्राचार्य, गया कॉलेज गया, प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि मैं शिक्षा शास्त्र विभाग को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि ऐसी सराहनीय पहल से गया कॉलेज गया राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय जगत में प्रतिस्थापित हो सकेगा। बता दें कि वर्ष 2017 में गया कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग खुला था। यहां हरेक सत्र में 100 अभ्यर्थियों का नामांकन लिया जाता है। इस विभाग द्वारा संचालित इंटर्नशिप प्रोग्राम की काफी सरकारी विद्यालयों में काफी सराहना हुई है।

# रेल यात्री का बैग चोरी कर भाग रहा चोर गिरफ्तार गया में RPF और GRP की टीम ने दबोचा

निज संवाददाता। गया




गया में रेल यात्री का बैग चुरा कर भाग रहे एक चोर को रंगे हाथों आरपीएफ और जीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से पकड़ा है। खास बात यह कि एक तरफ चोर बैग चुरा कर भाग रहा था वहीं उसके पीछे पीछे बैग का मालिक भी शोर मचाते हुए दौड़ रहा था। तभी रेल पुलिस ने चोर को दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़े गए चोर से पूछताछ की जा रही है। वहीं रेल यात्री को उसका बैग वापस कर दिया गया है।

**क्या बोले आरपीएफ प्रभारीः** आरपीएफ प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि आरपीएफ व जीआरपी के जवान संयुक्त रूप से प्लेटफार्म पर अपराधी गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इसी बीच वे पिलग्रिम प्लेटफार्म की तरफ पहुंचे तो देखा कि एक युवक एक बैग लेकर दौड़ते हुए हावड़ा छोर की तरफ भाग रहा है। शक होने पर बल सदस्यों के सहयोग से घेर कर उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोनू कुमार बताया। उसके पास रहे बैग के बारे में पूछने पर वह घबरा गया। इतने में एक यात्री पीछे से शोर मचाते हुए आया और पकड़े व्यक्ति के पास के कब्जे के बैग को पहचानते हुए अपना बैग बताने लगा। यही नहीं उसने यह भी बताया कि मेरा बैग कुछ समय पहले प्लेटफार्म से चोरी हो गया है।

◆ आवेदन के आधार पर दर्ज हुआ मामला

**आवेदन के आधार पर दर्ज हुआ मामलाः** इस पर मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष पकड़े गए बैग की तलाशी ली गई। यात्री ने उसमें रखे गए सामान को अपना होना बताया। बैग में रहे सामान के सत्यापन के बाद उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार आरपीएफ गया द्वारा मौके की कार्रवाई करते हुए पकड़े गए व्यक्ति को यात्री के साथ जीआरपी थाना गया ले जाया गया। यात्री राज कुमार ठाकुर द्वारा बैग चोरी होने से सम्बंधित आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर जीआरपी में केस दर्ज किया गया। रेल यात्री वैशाली के गुर्दा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बैग से बरामद सामान की कीमत दस हजार रुपये से अधिक आंकी गई।

# राजगीर में बनी पक्षीशाला, अगले माह उद्घाटन



निज संवाददाता। नालंदा

◆ सौ से अधिक प्रजातियों को रखने की होगी व्यवस्था, प्राकृतिक वातावरण के लिए दो सौ से अधिक लगाए पौधे

राजगीर की जू-सफारी में सूबे की सबसे ऊंची पक्षीशाला (बर्ड एवियरी) बनकर तैयार है। सितंबर महीने में इसका उद्घाटन किया जाएगा। इस पक्षीशाला में देसी-विदेशी पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियों को रखने की व्यवस्था की गई है। आधा हेक्टेयर में फैली इस एवियरी की ऊंचाई 50 फीट है। पक्षियों के आवास के समीप वैज्ञानिक नाम के साथ, उनकी जीवन-प्रणाली से संबंधित होर्डिंग लगी होगी। इससे छात्र और पक्षी विज्ञान के शोधार्थी जानकारियां ले सकेंगे। एवियरी के इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि यह पक्षियों के रखरखाव की घेरानुमा बड़ी संरचना है। पक्षी यहां आकाश में उड़ने का बखूबी लुत्फ उठा सकेंगे। छोटे पंछी इसमें से बाहर जाकर उन्मुक्त गगन में भी विचरण कर सकेंगे। एवियरी में कई झाड़ियों के अलावा बांस, फलदार व फूलदार 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शहतूत, लक्ष्मण फल, रामफल, सीताफल, अमरूद, सेमल, सलैया शामिल हैं। ऐसे में एवियरी के अंदर प्राकृतिक वातावरण का पक्षी अनुकरण करते हैं। एवियरी के चारों ओर 6 फीट गोलाई में बटर फ्लाई पार्क बनाया गया है। जलीय पक्षियों की सुविधा के लिए तालाब भी बनाए गए हैं।

**देश की अन्य एवियरी से अलगः** राजगीर बर्ड एवियरी प्रदूषण से बचाव और बेहतर जल प्रबंधन के कारण देश की अन्य पक्षीशालाओं से अलग है। यहां वेबनेट यानि जाली स्टील की बनी है, लेकिन इसकी डिजाइन ऐसी है कि पक्षियों को टकराने के बाद भी चोट महसूस नहीं होगी।

**दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में हैः** उप निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि एवियरी का प्राचीन उपयोग 1500 के दशक से भी पहले का है। लेकिन, आधुनिक तरीके से पहली बड़ी एवियरी वर्ष 1880 में रॉटरडैम चिड़ियाघर में स्थापित की गई थी। दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में है। राजगीर जू-सफारी के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि राजगीर पक्षीशाला बनकर तैयार है। पक्षी लाने के लिए आवेदन किया जा चुका है। पक्षियों के आते ही इसे सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। यह कई मायने में देश की अन्य एवियरी से अनोखी है।

# बिजली ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग समस्या होगी खत्म

## ग्रिड से जुड़ेंगे तीन प्रखंड के पावर सब स्टेशन, 33 केवी की नई लाइन बिछाने का काम शुरू

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के तीन प्रखंड हिलसा, तेल्हाड़ा और परवलपुर के लोगों के लिए राहत की खबर है। इन क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली की ट्रीपिंग और ओवरलोडिंग की समस्या का स्थायी समाधान निकलने जा रहा है। एकंगरसराय ग्रिड से इन तीनों प्रखंडों के पावर सब स्टेशनों को जोड़ने के लिए 33 केवी की नई लाइन बिछाने का काम शुरू हो चुका है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण में एकंगरसराय और हिलसा के बीच नई लाइन को अगस्त तक चार्ज कर दिया जाएगा। शेष नई लाइनों को भी एक साल के अंदर चालू कर दिया जाएगा। एकंगरसराय ग्रिड से हिलसा पीएसएस तक 13 किमी लंबी 33 केवी मेन लाइन बिछाई जाएगी। चयनित एजेंसी की ओर से पोल गाड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। राहत की बात यह है कि पुरानी लाइन को भी चालू रखा जाएगा। इस तरह दोहरी लाइन होने से न केवल हिलसा और चिकसौरा, बल्कि करारयपसुराय के मकरौता पीएसएस को भी खपत के अनुसार बिजली मिलेगी।

**तेल्हाड़ा और परवलपुर में भी होगी ओवरलोडिंग से मुक्तिः** एकंगरसराय ग्रिड से तेल्हाड़ा पीएसएस तक 7 किमी और सैदपुर व परवलपुर पीएसएस तक 6 किलोमीटर लाइन बिछाई जानी है। इन दोनों परियोजनाओं पर भी जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इन तीनों 33 केवी नई लाइनों के चार्ज हो जाने से परवलपुर, हिलसा, करायपसुराय और एकंगरसराय प्रखंड के सात पीएसएस से पिकआवर में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी।

**बढ़ेगी बिजली आपूर्ति की क्षमताः** नई लाइन के चार्ज होने से बिजली आपूर्ति की क्षमता में काफी इजाफा होगा। इससे मांग के अनुसार पीएसएस को बिजली मिलने लगेगी। पुरानी लाइन में डॉग कंडक्टर लगा हुआ है, जिसकी क्षमता अधिकतम 18 मेगावाट है। जबकि, नई लाइन में उल्फ कंडक्टर लगाया जाएगा, जिसकी क्षमता 22 से 24 मेगावाट बिजली आपूर्ति करने की है।

**खत्म होगी ओवरलोडिंग की समस्याः** पिछले साल और इस साल गर्मी के दिनों में खासकर हिलसा और करायपरसुराय इलाके में बिजली कट से लोगों को काफी परेशानी हुई थी। नाराज लोगों ने करायपरसुराय के मकरौता पीएसएस में कई बार हंगामा भी किया था। तेल्हाड़ा पीएसएस में भी बिजली खपत बढ़ने पर ओवरलोडिंग की समस्या आती थी। नई लाइन बिछाने से इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा।

**नई लाइन बनाने का काम शुरूः** राजीव रंजन बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि 33 केवी नई लाइन बनाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। एक साल के अंदर काम पूरा होगा तो तीनों प्रखंडों में बिजली की ओवरलोडिंग और ट्रीपिंग की समस्या खत्म हो जाएगी।

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

विनेश फोगाट संन्यास वापस लेंगी, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में ...

झारखंड

झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 का हुआ भव्य शुभारंभ, राज्यपाल एवं शिबू सोरेन ने किया...

Page 08



मूल्य ₹ 2.00


शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 10 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 241 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 64,250 | ₹83,000 |





## आज का इतिहास

- 1894 : भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरि का जन्म हुआ।
- 2007 : अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ डॉक करने के बाद नासा द्वारा अंतरिक्ष यान, एंडेवर के पेट में नुकसान देखा गया है।

## न्यूज बाइट्स

### बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए समिति का गठन

**नईदिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बंगलादेश की स्थिति को देखते हुए भारत-बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल की पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बांग्लादेश में जारी हालात के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा स्थिति पर नजर रखने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखेगी ताकि वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। समिति की अध्यक्षता एडीजी, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे।

### छठे चरण में नियुक्त शिक्षकों की भी बढ़ी उम्मीद

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में सर्व शिक्षा अभियान के तहत आने वाले शिक्षकों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही इन शिक्षकों का वेतन उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगा। शिक्षा विभाग को बस इस मद में राशि जारी होने का इंतजार है। दरअसल, वेतन भुगतान के लिए राशि जारी करने के लिए वित्त विभाग से सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। राशि जारी होने के बाद दो लाख से अधिक शिक्षकों को जुलाई माह का वेतन मिल जाएगा। शिक्षकों के लिए एक और राहत की बात यह है कि जून का वेतन हाल ही में जारी किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शिक्षकों के वेतन के लिए वित्त विभाग से राशि स्वीकृत होते ही यह राशि जिलों को भेज दी जाएगी। फिलहाल जुलाई का वेतन अभी नहीं दिया गया है। खास बात यह है कि वेतन वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ अगस्त में दिया जाना है। यह राशि जुलाई के वेतन में जुड़कर मिलती है। यानि शिक्षकों के खाते में बढ़ा हुआ वेतन आएगा। इधर, छठे चरण के नियोजित शिक्षकों की प्रशिक्षण अवधि समाप्त हुए करीब पांच माह हो गये हैं, लेकिन उन्हें अब भी पूरा वेतन नहीं मिल पा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

**निज संवाददाता | पटना**



भारी बारिश के बीच राजधानी पटना मे भी गंगा उफनाई हुई है। लगातार बढ़ते गंगा नदी के जलस्तर से कई घाट भी जलमग्न हो गए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुए जेपी गंगा पथ पहुंचे और कंगन घाट तक गंगा नदी के बढ़ते वॉटर लेवल का जायजा लिया। पैदल चलकर सीएम नीतीश ने जेपी गंगा पथ के कंगन घाट, काली घाट, गांधी घाट और कृष्णा घाट पर रुककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की स्थिति को देखा, और परखा।

मुख्यमंत्री नीतीश के इस दौरान अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अशोक राजपथ को जेपी गंगा पथ से मिलाने वाले कृष्णा घाट पर निर्माणाधीन पथ की भी जानकारी ली और तेजी से निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। आपको बता दें गुरुवार को गांधी घाट पर गंगा अपने तल से साढ़े आठ मीटर ऊपर और खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। सैर करने की जगह यानी रिवर फ्रंट पर पानी पहुंच गया है। गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर सुबह में छह बजे 48.70 मीटर मापा गया है। जबकि खतरे का निशान स्तर 48.60 है। शाम में जलस्तर और बढ़ गया। शहर के साथ जिले के ग्रामीण इलाकों में गंगा का रौद्र रूप दिखने लगा है। शहर के गांधी घाट पर गंगा खतरे के निशान से लगातार ऊपर बह रही है। वहीं बख्तियारपुर और दानापुर के नीचले इलाके में भी पानी प्रवेश कर गया है। बख्तियारपुर में गंगा के उफान से पांच पंचायतों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है, वहीं दानापुर के निचले हिस्सों में गंगा का पानी पहुंचने से लोग सहम गए हैं। फिलहाल गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी रहने की आशंका जताई गई है। गुरुवार को सुबह में गांधी घाट पर लाल निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर था जबकि देर शाम तक गंगा का जलस्तर और बढ़ गया। शुक्रवार को सुबह आठ बजे तक गांधी घाट पर गंगा नदी के जलस्तर में 22 सेंटीमीटर बढ़ोतरी की आशंका है। वहीं दीघा घाट और हाथीदह में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

दानापुर के दियारा क्षेत्र के निचले इलाके में गुरुवार को नदी का पानी फैलने लगा है। नदी का पानी खेत निचले इलाके से खेत-खलिहानों में जाने लगा है। पानापुर नवदियरी से मानस जाने वाले मुख्य मार्ग के ऊपर से पानी बहने लगा लगा है। इसके अलावा हेतनपुर, पुरानी पानापुर घाट से ऊपर, पतलापुर में लंगड़ा बैर के आसपास नदी का पानी फैलने लगा है, जहां तहां कच्ची और पक्की सड़कों तक पानी आ गया है।

वहीं गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि से दियारा क्षेत्र की पांच पंचायतों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गुरुवार को बाढ़ का पानी दियारे के निचले हिस्सों में प्रवेश कर गया। सैकड़ों एकड़ में लगी मक्का और सब्जी की फसलें डूब गईं। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। हालात को देखते हुए दियारा क्षेत्र से लोग वहां से सुरक्षित जगहों पर जाने लगे हैं।

हालांकि, अब तक जान माल की क्षति की सूचना नहीं है। इस संबंध में सीओ निरंजन सुमन ने बताया कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि हुई है पर स्थिति अभी नियंत्रण में है। इधर हरदासपुर दियारा जाने वाली सड़क पर दो फीट पानी आ जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। वहीं फतुहा के पुरानी चौक से कटैयाघाट के रास्ते रायपुरा स्टेट हाइवे को जाने वाली संपर्क सड़क में कटैयाघाट के पास तेजी से कटाव शुरू हो गया है।

### गंगा नदी का जलस्तर

| घाट | लाल निशान | जलस्तर |
|---|---|---|
| गांधी घाट | 48.60 मी | 48.70 मी |
| दीघा घाट | 50.45 मी | 49.92 मी |
| मनेर | 52 मी | 50.33 मी |
| हाथीदह | 41.76 मी | 41.46 मी |

# बैंकिंग लॉ बिल पेश, अब बैंक खाते में दर्ज करा सकेंगे चार नॉमिनी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार (09 अगस्त) को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया है। इस विधेयक में ऐसा प्रावधान किया गया है कि हरेक बैंक खाताधारक एक खाते के लिए चार 'नॉमिनी' तक दर्ज करा सकेगा। अभी तक एक बैंक खाते में एक ही नॉमिनी का उल्लेख करने का नियम है। अगर यह बिल संसद से पारित होता है तो अब नॉमिनी को बढ़ाकर चार तक किया जा सकता है। हालांकि, यह वैकल्पिक प्रावधान होगा। प्रस्तावित विधेयक में एक और बड़े बदलाव की बात कही गई है। इसके तहत कंपनी के निदेशकों के सबस्टेंशियल इंटरेस्ट को फिर से परिभाषित किया गया है और इसके तहत 5 लाख रुपये की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये तक किया गया है, जो लगभग छह दशक पहले तय की गई थी।

लोकसभा में विपक्ष के कुछ सदस्यों ने सदन में यह विधेयक पेश किये जाने का विरोध किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि सहकारी समितियों और सहकारी बैंकों से जुड़े कानूनों में संशोधन का अधिकार राज्यों को है। उन्होंने इस संबंध में विधायी अधिकारों को लेकर अस्पष्टता की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों पर केंद्र नियंत्रण कर सकता है या नहीं, इस पर विरोधाभास है। आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार एक साथ चार कानूनों में संशोधन का प्रयास कर रही है और यह सदन की परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़े विषयों से संबंधित कानूनों को लेकर ही विधेयक लाया जाता है। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने भी चार कानूनों को एक विधेयक के माध्यम से संशोधित करने पर आपत्ति जताई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि बहु सहकारी बैंक से जुड़े कानून में पहले भी इस सदन के माध्यम से संशोधन किया जा चुका है और इससे छोटे खाता धारकों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हम चार विधेयक भी ला सकते थे लेकिन जब एक समान तरह के कामकाज से जुड़े कानून हैं तो हम एक संशोधन विधेयक ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम और सहकारी बैंकों के बीच एक संबंध है और कोई भी संशोधन इसी रास्ते से लाना होगा। सीतारमण ने कहा कि सहकारी संस्थाओं, खासकर उन संस्थाओं को, जो बैंकों के अतिरिक्त अन्य सारे काम करती हैं, उन्हें कमजोर करने का कोई प्रयास नहीं है। बैंक और बैंकिंग गतिविधियों के लिए लाइसेंस रखने वाली सहकारी समितियों के लिए एक नियम होना चाहिए और इसीलिए हमने यह कदम उठाया है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पेश किए जाने की मंजूरी दी।

विधेयक में वैधानिक लेखा परीक्षकों को भुगतान किया जाने वाला पारिश्रमिक तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का भी प्रावधान किया गया है। इस विधेयक में बैंकों के लिए विनियामक अनुपालन के लिए रिपोर्टिंग तिथियों को हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार के बजाय 15वें और आखिरी दिन को फिर से परिभाषित करने का भी प्रयास किया गया है। इस विधेयक को पिछले शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी, जिसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1980 में संशोधन का प्रस्ताव है। इसकी घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी। उन्होंने कहा था, ''बैंक प्रशासन में सुधार और निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, बैंकिंग कंपनी अधिनियम और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में कुछ संशोधनों का प्रस्ताव है।

# भारत में घुसपैठ करते पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक




- **ट्रक में छिपकर पार कर रहा था बॉर्डर**

**निज संवाददाता | किशनगंज**

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद आए संकट की वजह से भारत में घुसपैठ के मामले तेजी से बढ़ गए हैं। बिहार के पास पश्चिम बंगाल से सटे बांग्लादेश बॉर्डर पर लगातार घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया जा रहा है। इस बीच पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में आईसीपी हिली बार्डर पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के तहत 61वीं बटालियन बीएसएफ के जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। कार्रवाई गुरुवार को की गई। पकड़ा गया आरोपी लब्लू मियां गायबांदा (बांग्लादेश) का रहने वाला है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आईसीपी हिली बार्डर के पास एक खाली ट्रक से गिरफ्तार किया गया। ट्रक से सामान उतारने के बाद बांग्लादेश से वह भारत लौट रहा था। पकड़ा गया व्यक्ति खाली ट्रक के जरिए अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

### आदिवासी महोत्सव का आगाज, राज्यपाल ने किया उद्घाटन, सीएम ने कहा

# वीर भूमि झारखंड में जन्म लेना हमारा सौभाग्य

**निज संवाददाता | रांची**

शुक्रवार को दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव का भव्य आगाज हो चुका है। इस महोत्सव में राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने नेतृत्व में इस आयोजन की शुरुआत की, जहां उन्होंने और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने सभी आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के उद्घाटन से पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से आदिवासी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान एक अनूठी झलक तब देखने को मिली, जब मुख्य अतिथि ई-रिक्शा पर सवार होकर मुख्य गेट से मंच तक पहुंचे।



इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, और इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। सरकार आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए कटिबद्ध है, और आपकी मदद के लिए हर समय तत्पर है। हमें गर्व है कि हमने झारखंड की इस वीर भूमि पर जन्म लिया, जहां भगवान बिरसा मुंडा जैसे वीर शहीद हमारे पूर्वज रहे हैं, जिन्होंने आदिवासियों और मूलवासियों के अधिकारों के लिए अपनी जान तक न्यौछावर कर दी।

विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने भाषण में कहा कि आज का दिन सिर्फ झारखंड के लिए नहीं, बल्कि दुनिया भर के आदिवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारे राज्य में यह तीसरी बार है जब विश्व आदिवासी दिवस को इतने भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। हर बार हम एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ इस महोत्सव में भाग लेते हैं। आज का दिन आदिवासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

# एससी ने नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने की याचिका की खारिज

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 11 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2024 'कुछ व्यवहारिक परेशानियों' का हवाला देते हुए स्थगित या पुनिर्धारित करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विशाल सोरेन और अन्य के याचिका पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह परीक्षा आयोजित होने से कुछ दिन पहले उसे स्थगित करने का आदेश नहीं दे सकती। श्री सोरेन और अन्य द्वारा दायर याचिका दलील दी गई थी कि अभ्यर्थियों को एन वक्त पर ऐसे शहरों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। उन्हें अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका दायर करते समय में कहा गया था कि परीक्षा शहरों का आवंटन 31 जुलाई को किया गया और परीक्षा केंद्रों की घोषणा आठ अगस्त को की जानी है। इस प्रकार अभ्यर्थियों को 11 अगस्त को परीक्षा के लिए संबंधित केंद्रों तक पहुंचने के लिए बहुत कम समय दिया गया। इसके अलावा परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जानी है। इतना ही नहीं सामान्यीकरण और अन्य फॉर्मूले के बारे में अभ्यर्थियों को कुछ भी मालूम नहीं है। इस वजह से याचिकाकर्ताओं को कई प्रकार की आशंका हो रही है।

# मनीष सिसोदिया को 17 महीने बाद सीबीआई-ईडी केस में बेल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब नीति केस में पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और फिर 9 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (9 अगस्त) को जमानत दे दी। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी, दोनों केस में राहत मिली है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।



सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। सिसोदिया आज शाम तक जेल से बाहर आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की ऑर्डर कॉपी राउज रेवेन्यू कोर्ट भेजी जाएगी। वहां सिसोदिया को 10-10 लाख का बेल बॉन्ड भरना होगा। फिर रिलीज ऑर्डर तिहाड़ जेल भेजा जाएगा। इसके बाद सिसोदिया बाहर आएंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की बेंच ने सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाया है। बेंच ने तीन दिन पहले 6 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। 4 जून को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार किया था। सिसोदिया ने जमानत पर दोबारा विचार करने की याचिका लगाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला सुनाने से पहले जमानत को लेकर अब तक की गई कार्यवाही के बारे में बताया। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया को वापस ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट भेजना सांप-सीढ़ी के खेल में डालने जैसा होगा।

# वाहन जांच के दौरान पुलिस ने जब्त किया 850 करोड़ रुपए के सामान

**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज में वाहन जांच के दौरान बिहार पुलिस ने 50 ग्राम कीमती रेडियो एक्टिव पदार्थ कैलिफोर्नियम जब्त किया है जिसकी कीमत लगभग 850 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने जब्त सामान के साथ तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के परसौनी गांव निवासी छोटेलाल प्रसाद, गोपालगंज के चंदन गुप्ता और चंदन राम शामिल हैं। इस संबंध में गोपालगंज एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 1 ग्राम कैलिफोर्नियम की कीमत लगभग 17 करोड़ रुपए है। ऐसे में पुलिस के द्वारा जब्त की गई 50 ग्राम कैलिफोर्नियम की कीमत लगभग 850 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।




### आरबीआई ने किया बड़ा ऐलान

# आपके यूपीआई से दूसरे व्यक्ति भी कर सकेंगे पैसे ट्रांसफर, मिलेगा अधिकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

यूपीआई ट्रांजैक्शन को लेकर केंद्रीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कई अहम ऐलान किए हैं। इसके तहत रिजर्व बैंक ने यूपीआई ट्रांजैक्शन की लिमिट बढ़ाई है तो यूजर्स के लिए एक नए फीचर 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' को शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को अपने बैंक अकाउंट से यूपीआई के जरिए पेमेंट करने के लिए अथॉराइज कर सकेगा। इसमें दूसरे व्यक्ति के लिए यूपीआई से जुड़ा अलग बैंक अकाउंट रखने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इस प्रक्रिया में प्राइमरी यूजर की मंजूरी जरूरी है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इससे देशभर में डिजिटल भुगतान की पहुंच और उपयोग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इस संबंध में विस्तृत निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगें।

UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

### शक्तिकांत दास ने क्या कहा?

शक्तिकांत दास ने कहा- चूंकि डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स भुगतान सामान्य, नियमित और उच्च मूल्य के हैं। इसलिए यूपीआई के जरिये टैक्स भुगतान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख प्रति लेनदेन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। आरबीआई के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोगकर्ता आधार 42.4 करोड़ हो गया है। हालांकि, उपयोगकर्ता आधार के और विस्तार की संभावना है।

### टैक्स पेमेंट लिमिट में इजाफा

इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने यूपीआई के जरिये टैक्स पेमेंट की लिमिट बढ़ाने की घोषणा की। वर्तमान में, यूपीआई के लिए टैक्स भुगतान की सीमा एक लाख रुपये है। इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यूपीआई अपनी सहज सुविधाओं से भुगतान का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है।

# डीएम का जनता दरबार : 37 आवेदनों का त्वरित निस्तारण

ग्राम पकरी के नवल किशोर सिंह ने जमाबंदी से जुड़ी समस्या को उठाया। जिला पदाधिकारी ने इस मामले को भी प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



निज संवाददाता | नवादा

जिला समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। इस दरबार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था, और इसमें जिला प्रशासन ने अपनी तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। जनता दरबार में आपूर्ति, विद्युत, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आपदा, राशन कार्ड आदि से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।

**पानी निकासी और नाली की समस्या**: प्रखंड नवादा के ग्राम आमीपुर की अनीता देवी ने पानी निकासी और नाली निकालने की समस्या से संबंधित आवेदन दिया। जिला पदाधिकारी ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**अतिक्रमण की शिकायत**: ग्राम बरेव की विमला देवी ने निजी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को जांच कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। **किसान सम्मान निधि योजना**: गोविंदपुर प्रखंड के ग्राम बुधवारा के रामाश्रय सिंह ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत आवेदन दिया। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तुरंत कार्यवाही करने का आदेश दिया। **मुख्यमंत्री आवास योजना** : थाना नारदीगंज के ग्राम पंडपा की टुनी कुमारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस पर भी जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। **जमाबंदी संबंधी समस्या** :ग्राम पकरी के नवल किशोर सिंह ने जमाबंदी से जुड़ी समस्या को उठाया। जिला पदाधिकारी ने इस मामले को भी प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बता दें कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में से कई का ऑन स्पॉट निस्तारण किया गया, जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जाँच और आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त नवादा; चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्ता नवादा; राजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा; राज कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी; प्रतिभा कुमारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित थे। जनता दरबार के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह से सजग और सक्रिय है। इस प्रकार के आयोजन से आम जनता को अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का मौका मिलता है और त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाते हैं।

# 250 गर्भवती महिलाओं का किया गया जांच

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल में सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त दिखाई दी। इस बार भी गर्भवती महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी भी देखने को मिली।अनुमंडलीय अस्पताल में 250 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। चिकित्सकों की जांच टीम ने अस्पताल में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान जांच दूर-दराज के गांवों से आई गर्भवती महिलाओं का जांच कर रहन-सहन की जानकारी देते हुए, उनके खान पान पर विशेष ध्यान रखने का दिशा निर्देश दिया। प्रखण्ड क्षेत्र में आशा द्वारा महिलाओं में जागरूकता के कारण अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं अस्पताल परिसर पहुंच अपना इलाज करवा रही है।वहीं अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को बन्द पैकेट में रसगुल्ला, लिट्टी, मूंगदाल, गुड डे बिस्कुट, अंगूर व केला आदि नाश्ता के रूप में दिया गया। प्रभारी उपाधिक्षक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 तारीख को चलाया जाता है। साथ ही कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व रहन सहन के बारे में बताया जाता है। महिलाओं को आयरन की गोलियां देकर उचित खान पान के बारे में बताया जाता है। अस्पताल में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान 250 महिलाएं अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ उठाई। साथ ही ब्लड के विभिन्न प्रकार की जांच किया गया एवं सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाईयां दी गई।सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के जांच टीम में डॉ. निवेदिता नंदनी, मो अनीश गुलाम, डॉ अनुज कुमार, डॉ शिवपुरारी, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार, जीएनएम अनिल पासवान, नूतन कुमारी के अलावे दर्जनों जीएनएम व एएनएम छात्राएं मौजूद थी।

# पृथ्वी की सुरक्षा एवं हरा-भरा रखने को दिलाया शपथ



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र की हरदिया पंचायत स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय सह नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास में शुक्रवार को बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) अजय कुमार की सहभागिता में शिक्षक और छात्र- छात्राओं ने पृथ्वी की सुरक्षा और हरा- भरा रखने केलिए संकल्प लिए। संकल्प में सभी ने प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा को लगाकर उसकी सुरक्षा एवं देखभाल कर वृक्ष बनाने, अपने आसपास के तालाब, नदी, पोखर एवं अन्य जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित नहीं करने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने, अपने घर और विद्यालय आसपास में वर्षा के जलसंचय के लिए अपने परिवार के सदस्यों को प्रेरित करने, बिजली का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करने को संकल्पित किया। साथ ही अपने घर, विद्यालय एवं आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक, पॉलिथीन का उपयोग बंद कर कपड़े और कागज के थैले का उपयोग करने, जीव-जंतुओं व पशु पक्षियों के प्रति प्रेम का भाव रखने, नजदीक के कार्य पैदल अथवा साइकिल से ही करने, कागज का अनावश्यक उपयोग नहीं करने, खुले में शौच नहीं कर शौचालय का उपयोग करने समेत अन्य संकल्प शामिल हैं। एसीएफ अजय कुमार ने बच्चों से पृथ्वी और पर्यावरण के बचाव के लिए अपनी बातें रखे।साथ ही उन्होंने बताए की आप सभी हमारे यहां आकर मुफ्त में पेड़ -पौधा भी ले सकते हैं। मौके पर छात्रावास प्रबंधक ओम प्रकाश आर्य, शिक्षक राजीव कुमार, अमृत रंजन, आशा कुमारी, मलती कुमारी, सकुंतला कुमारी, नीलम कुमारी, रात्री प्रहरी रविंद्र कुमार के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आठ लाख 11 हजार 300 रुपये की लागत से बने भवन को विधान पार्षद ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद नवल किशोर यादव नारदीगंज डिग्री महाविद्यालय नारदीगंज में शुक्रवार को दो बजकर 48 मिनट पर पहुंचे, जहां महाविद्यालय परिवार समेत अन्य लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास मद से आठ लाख 11 हजार 300 रुपये की लागत से निर्मित भवन को फीता काटकर कर उद्घाटन कर महाविद्यालय को समर्पित कर दिया। काफी खुशनुमा वातावरण रहा। उसके बाद विधान पार्षद ने भवन का जायजा लेकर प्रसन्नता जाहिर की। इस भवन का निर्माण विधान पार्षद नवल किशोर यादव के द्वारा अनुशंसित भवन है। तदोपरांत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। अपने जीवन में एक एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने में निभाये भागीदारी-विधान पार्षद विधान पार्षद नवल किशोर यादव ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर उसे संरक्षित करने का संदेश दिया, कहा कि आप सभी भी एक एक पौधा को अवश्य लगाकर उसे संरक्षित करें, तभी पर्यावरण संरक्षण होगा, और पृथ्वी हरा भरा रह पायेगा, अपने माता पिता के नाम पर एक पौधा को अवश्य लगाने में सहभागी बने,वृक्ष है, तभी जीवन है। उसके बाद वहां पर उपस्थित लोगों ने एक एक पौधा को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर शीशम,सागवान, पीपल, आंवला समेत सैकड़ों पौधे महाविद्यालय परिसर में लगाया गया।

# 70 लीटर महुआ शराब लदे बाइक को पुलिस किया जब्त

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ के समीप से शराब परिवहन पर अंकुश लगाते हुए एसआई पिंकी कुमारी एवं पीएसआई रौशन कुमार ने सिमरकोल गांव से 70 लीटर देशी महुआ शराब लदे एक बाइक को जब्त किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री,भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आलोक में एसआई पिंकी कुमारी व पीएसआई रौशन कुमार ने सशस्त्र बलों के सहयोग से सिमरकोल मोड़ के समीप जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक होंडा शाइन बाइक पर प्लास्टिक के बोरे में बन्द कुल 70 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया गया। जबकि शराब धंधेबाज पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब परिवहन में उपयोग किये जाने वाले बाइक एवं शराब को जब्त किया गया है। वहीं फरार शराब धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

रेलवे सुरक्षा से समझौता करने पर दर्ज होंगे आपराधिक मामले

# लवे ट्रैक पर असामाजिक गतिविधियां: सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा, सख्त कार्रवाई की तैयारी

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

रेलवे संरक्षित परिचालन के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। समय-समय पर कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न प्रकार से रेलवे ट्रैक अथवा उसके आस-पास ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां की जाती हैं जिससे रेल परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी क्रम में रेलवे पटरियों के साथ आपराधिक छेड़छाड़ करके सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में लापरवाह व्यवहार पर एक बड़ी कार्रवाई में कई बार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। ऐसे लोगों की गतिविधियों से यात्री सुरक्षा और संरक्षित रेल परिचालन दोनों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा होता है। गुरूवार को गाड़ी संख्या 03211 मेमू पुनपुन में अनावश्यक विलंब हो गयी। जांच करने पर प्रकाश में आया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक पर धातु के पाट्र्स को रख दिया गया था। इसके कारण न केवल कोच के चक्के एवं रेल पटरी (ट्रैक) में क्षति पहुंची साथ ही साथ सफर कर रहे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। ऐसे शरारती तत्वों के कारण मेडिकल इमरजेंसी एवं अन्य अतिआवश्यक कार्य से सफर करने वाले यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। रेलवे की सुरक्षा से समझौता करने तथा रेल सुरक्षा को कमजोर करने की कोशिश करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर अधिकतम सजा सुनिश्चित करने के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। पूर्व मध्य रेल लोगों से अपील करती है कि वे ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों तथा रेलवे सुरक्षा और संरक्षा से समझौता करने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या रेल मदद, या टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से अवश्य दें।

# फर्जी पे फोन एप के माध्यम से ठगी करते दो युवकों को दुकानदारों ने पकड़ा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित खैनी दुकान से दो युवक फर्जी पे फोन एप के माध्यम से ठगी करते दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सती स्थान निवासी भीम सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 7:30 बजे दो लड़के सिगरेट लेने के लिए दुकान पर आए। सिगरेट का पैकेट लेने के बाद युवकों ने पे फोन के क्यूआर कोड को अपने मोबाइल स्कैन किया और 120 रुपये का पेमेंट सफल हुआ वाला मैसेज भी दिखाया। किन्तु मेरे मोबाइल में पैसा नहीं आ पाया। दुकान के बाहर खड़े अपने बेटे सौरभ कुमार को दोनों लड़कों के बारे में बताया और उसे जाने से रोका। काफी जांच-पड़ताल के बाद भी मेरे एकाउंट में उनदोनों के द्वारा भेजा गया पैसा नहीं आया, तो संदेह बढ़ने लगा। फिर उक्त दोनों लड़के भागने का प्रयास करने लगे। किन्तु आसपास के दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना में दोनों युवकों ने फर्जी पे फोन एप के माध्यम से भुगतान करने की बात स्वीकार की। ठगी करने वालों में बहादुरपुर गांव निवासी गणेश पाण्डेय के पुत्र नीरज पाण्डेय एवं नारदिगंज थाना क्षेत्र निवासी उमेश कुमार के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। दोनों ठग पुरानी बस स्टैंड के कई दुकानों में ठगी कर चुका था। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट के लिए दो युवकों द्वारा फर्जी पे फोन एप का इस्तेमाल कर ठगी का मामला सामने आया है। जिसे दुकानदारों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। हिरासत में लिए दोनों युवकों के विरुद्ध पीड़ित दुकानदार भीम सिंह के बेटे सौरभ कुमार द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में दोनों युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों युवकों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधारोपण है जरूरी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिहार दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद नवल किशोर यादव व प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस मौके शिक्षक संतोष कुमार, विनोद रविदास, समीर आलम, कृष्णकांत इचा गुडू, धनन्जय कुमार समेत अन्य शिक्षक व छात्र व छात्राएं ने पौधारोपण किया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य व अन्य शिक्षकों व छात्रों ने विधान पार्षद को पुष्पमालाओं से लादकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा आप सभी एक एक पौधा को अवश्य लगाकर उसे संरक्षित करे, पौधा है, तभी जीवन है, पर्यावरण संरक्षण की जरूरत है। इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। छात्र देश के भविष्य है, इसलिए आप सभी पढ़ने लिखने में मन लगाये, पढ़ लिखकर देश का भविष्य गढ़ने में योगदान देगे।

# नारायण मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ समापन



निज संवाददाता | जमुहार (रोहतास)

नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आज समापन हो गया। इस कार्यशाला में कुल 150 इंटर्न छात्रों ने भाग लिया और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के संयोजक एवं नारायण मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. पुनीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को लॉग बुक संधारण, विषय संबंधी जानकारी का अन्य विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रक्रिया, और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े विभिन्न गुर सिखाए गए। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि चिकित्सा के क्षेत्र में एथिकल ज्ञान, शोध, और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का अभ्यास इस कार्यशाला का एक प्रमुख हिस्सा था। तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला में छात्रों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। नेत्र रोग विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. अमरेश कुमार और कम्युनिटी मेडिसिन के सह प्राध्यापक डॉ. राहुल चंद्रा ने छात्रों का विशेष मार्गदर्शन किया, जिससे छात्रों को चिकित्सा के विभिन्न आयामों की गहन समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, मेडिकल एजुकेशन यूनिट के कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार, कार्यलय अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, और नारायण मेडिकल कॉलेज के अमित कुमार, प्रवीण कुमार, पुष्कल कुमार, और रविंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नवनिर्मित फ्लाई ओवर रेल लाइन का निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल सफल



निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्वी परिमंडल, कोलकाता के संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने बख्तियारपुर लिंक केबिन और करनौती स्टेशनों के बीच नवनिर्मित फ्लाई ओवर रेल लाइन (बख्तियारपुर आरओआर) का मोटर ट्रॉली के माध्यम से निरीक्षण किया। इसके बाद, इस नई रेल ओवर रेल लाइन पर विशेष ट्रेन द्वारा सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण रामाश्रय पाण्डेय, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित निर्माण विभाग और दानापुर मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। गौरतलब है कि बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 13.07 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस ट्रायंगल, आरओआर, और 19 किमी लंबे करनौती-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। बख्तियारपुर में आरओआर (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य प्रगति पर था, जिसे पूरा करने के बाद संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल किया गया। यह सफल परीक्षण रेल संचालन में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे क्षेत्र में रेल सेवा की गुणवत्ता में और सुधार की उम्मीद है।

# आंगनबाड़ी में शिक्षा व खेल मैदान में अभ्यास कर बच्चे भरेंगे उड़ान

निज संवाददाता | नवादा (पकरीबरावां)



जिले के आकांक्षी प्रखंड पकरीबरावां में गुरुवार को डीएम आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा एक साथ विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया गया। उद्घाटन सह शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कौशलेंद्र कुमार के देख रेख में थालपोश आंगनवाड़ी परिसर में किया गया। प्रखंड के कोनंदपुर पंचायत के थालपोस गांव पहुंचें डीएम ने आकांक्षी प्रखंड के तहत मनरेगा से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह भवन आठ लाख 68 हजार 584 रुपए के लागत से बनाया गया। इसके साथ ही यह भवन आइसीडीएस को समर्पित कर दिया गया। यहां आंगनबाड़ी केंद्र संख्या -178 का संचालन होगा। केंद्र उद्घाटन के बाद डीएम एवं डीडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र के पास ही पौधरोपण किया। तत्पश्चात, प्राथमिक विद्यालय कोनंदपुर में चहारदीवारी निर्माण एवं खेल मैदान का शिलान्यास किया। डुमरामा प्राथमिक कन्या विद्यालय चारदीवारी का उद्घाटन सहित विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया डीएम ने इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आकांक्षी प्रखंड के तहत विभिन्न योजनाओं को लेकर मुखिया से कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आकांक्षी प्रखंड के तहत संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। छह इंडिकेटर पर काम करते हुए संपूर्णता प्राप्त करना है। इसके लिए सितंबर तक लक्ष्य निर्धारित है। सभी छह प्रमुख संकेतकों पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस मौके पर डीडीएस दीपक कुमार मिश्रा, मनरेगा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बीडीओ मृत्युंजय कुमार, पकरी बरमा सीडीपीओ, जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति मनरेगा के ललनी रंजन पीटीए भारत अजय कुमार मनरेगा प्रखंड लेखपाल पीआरएस डुमरामा दीपक कुमार हीरोइन राजेश कुमार विनोद कुमार राजेश पासवान वरुण कुमार प्रदीप कुमार अमित रंजन कोनंदपुर मुखिया रंजीत कुमार सिन्हा सहित कई मौजूद थे। बता दें कि पकरीबरावां को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयन किया गया है। छह इंडिकेटर पर काम होना है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इस बीच थालपोस गांव के कुछ लोगों ने अपनी समस्याओं को भी आवेदन के साथ रखा। कहा बिजली की समस्या के कारण नल-जल ठीक से नहीं चलता है जिससे हमलोगों को पानी पीने में परेशानी उठाना पड़ता है। जिस पर डीएम ने सुधार का आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इस समस्या को ठीक कर दी जाएगी।

# टोटो से गिरने से महिला की मौत, परिजनों में शोक की लहर



निज संवाददाता | रजौली

थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक पर शुक्रवार को साप्ताहिक हाट में जा रही एक महिला की टोटो से गिरने के कारण मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही मृतिका के परिजनों और गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतिका की पहचान विनोबा नगर गांव निवासी धर्मेंद्र राजवंशी की 29 वर्षीय पत्नी दुलारी देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दुलारी देवी शुक्रवार को बाजार जाने के लिए टोटो में सवार होकर साप्ताहिक हाट में जा रही थी। इसी बीच, जब टोटो पुरानी बस स्टैंड के पास पहुंचा, तो दुलारी देवी अचानक टोटो से सड़क पर गिर गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल महिला को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की सूचना पुलिस को दी। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. शिवपुरारी ने प्राथमिक इलाज के दौरान महिला की मृत्यु की पुष्टि की। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्यकर्मियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस द्वारा एएसआई शिव शं क र पांडेय मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना के बाद टोटो चालक मौके से फरार हो गया।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद इसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजनों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस दुखद घटना के बाद, मृतिका के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, और पूरे गांव में शोक की लहर छाई हुई है।

बिहार सरकार

**बन्दोबस्त कार्यालय, औरंगाबाद**
प्रपत्र–1
(देखें नियम–4 का उपनियम–1)
उद्घोषण का प्रपत्र

राजस्व ग्राम–..........
थाना नं0–.......... अंचल–..........

जिला– औरंगाबाद के सभी भू–धारियों एवं सरकारी जमीन के अभिरक्षक सहित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अद्योहस्तक्षरी द्वारा प्रतिनियुक्त अथवा प्राधिकृत कोई वयक्ति ग्राम की सीमा एवं इसके भू–खंडों के सीमांकन या पहचान के लिए भू–खंड में प्रवेश कर सकते हैं। आपको निदेशित किया जाता है कि सर्वेक्षण के उद्देश्य से भू–खण्डों की पैमाइश/जाँच पड़ताल करने तथा वृक्षों, जंगलों, खड़ी फसलों या ऐसी अन्य बाधाओं, जैसा भी आवश्यक हो, को हटाने अथवा काटने में उन्हें सहयोग करें एवं उन्हें उनके कर्त्तव्यों के निर्वहन में किसी प्रकार का बाधा/अड़चन उत्पन्न न करें। आपको यह भी निदेश दिया जाता है कि अपने भू–खण्डों की सीमाओं को भू–खण्डों के सभी मोड़ पर मिट्टी का स्तंभ दे कर उसे सीमांकित कर लें।

तिथि :–

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 005690 (Revenue) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### आज एमबीए और एमसीए में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह सिंह विश्वविद्यालय के एमबीए और एमसीए विभाग में सत्र, 2024-26 में नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। यह प्रवेश परीक्षा 9 अगस्त को होगी। परीक्षा के लिए एसबी कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। सुबह 10:30 के बाद परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। एमबीए और एमसीए में नामांकन के लिए 560 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि 9 अगस्त को एमबीए और एमसीए में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### बिजली विभाग में हंगामा के बाद गौरा गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर

**गड़हनी।** प्रखण्ड के गौरा गांव के उपभोक्ताओं द्वारा बिजली विभाग गड़हनी में हंगामा करने के अगले दिन ही ट्रांसफॉर्मर लग गया। बता दे कि प्रखण्ड के गौरा गांव में 5 दिन से ट्रांसफॉर्मर जल हुआ था लेकिन गड़हनी बिजली विभाग के पदाधिकारी एक नही सुन रहे थे , लेकिन बुधवार को गौरा के दर्जनों उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग में आकर खूब हंगामा किया, हंगामा करने के बाद जे ई को रूम में बंद कर दिया था। पुलिस ने पहुँच कर जे ई को रूम से निकाला। पदाधिकारी व उपभोक्ताओं के बीच वार्ता हुआ जिसमें जे ई ने बोला था कि अगले दिन ट्रांसफॉर्मर किसी भी हालत में लग जायेगा और वही हुआ।

### जनसहकारी डिग्री कॉलेज का सीनेटर ने किया निरीक्षण

**गड़हनी।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के संबद्ध ईकाई जन सहकारी डिग्री कॉलेज बराप गड़हनी में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ दीनानाथ पंडित व सीनेटर संतोष तिवारी ने कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। सभी शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। शिक्षक प्रतिनिधि कुमार अरविंद सिंह ने चादर व फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा महाविद्यालय के यूजर आईडी एंव पासवर्ड का गलत उपयोग करने व उसकी गोपनीयता भंग करने को ले दोनों अधिकारियों ने फटकार लगाया व अनुशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद दोनों पदाधिकारियों ने सभी शिक्षक / कर्मचारियों के साथ बैठक किया। बैठक में शिक्षकों व शिक्षक सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि जिन लोगों पर संघीय आपराधिक मुकदमा दर्ज है उन्हें कॉलेज का प्राचार्य नहीं बनाया जाना चाहिए। इस पर दोनों अधिकारियों ने कहा कि नियम संगत काम होगा। साथ ही माननीय अध्यक्ष द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी के आलोक में वरीय शिक्षक श्री शंभू शरण सिंह को महाविद्यालय के दैनिक कार्य संचालन करने का निर्देश दिया।

### कुसुम्ही नदी का जलस्तर बढ़ा, रास्ता बंद



**कोईलवर।** प्रखंड के ज्ञानपुर में बुधवार आकाशीय बिजली से घायल पीड़ित परिवार से मिलने भाकपा माले की एक टीम पहुंच उनका हाल चाल जाना। घायलों में संजय बिंद और श्यामबहादुर बिंद है। वहीं श्यामबहादुर बिंद को बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी इलाज चल रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कुसुम्हि नदी का जलस्तर बढ़ जाने से गांव का मुख्य सड़क व पुलिया पानी में डूब गई है। जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रहा है। साथ ही स्कूली बच्चों का भी स्कूल जाने वाली रास्ता बंद हो चुका है। घटना स्थल से ही माले के प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर ने कोईलवर बीडीओ व सीओ से बात कर तत्काल नाव की व्यवस्था करने की मांग की जिस पर आश्वासन दिया गया। मौके पर मौजूद माले के वरिष्ठ नेता ललन यादव,भोला यादव,चंदेश्वर राम, राजकुमार प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण थे।

### उमवि बराप सहंगी में बच्चों को मिले एफएलएन किट



**गड़हनी।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बराप सहंगी में गुरुवार को 155 छात्र- छात्राओं के बीच एफ एल एन कीट का वितरण किया गया। वितरण करने के बाद सभी को ई शिक्षा कोष पर फ़ोटो सहित अपलोड किया गया। वितरण प्रभारी प्रधानाध्यापिका शाईस्ता प्रवीण के नेतृत्व में की गई। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि ई शिक्षा पोर्टल पर 255 छात्र- छात्राओं का आधार ई शिक्षा पोर्टल पर लोड था लेकिन 155 किट ही आया था जो 9 से 12 क्लास के छात्र - छात्राओं को दे दिया गया। प्रधानाध्यापिका ने बताई कि इस कीट में स्पोकेन इंग्लिश बुक, स्टूडेंट्स बॉक्स, जेनरल नॉलेज बुक, डिक्सनरी, एटलस सहित किट में कई शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध है। साथ ही बताया कि जितने बच्चे का नाम आधार कार्ड से लोड किया गया था उतने ही बच्चों का किट आया था, लेकिन धीरे धीरे सभी बच्चों को जब आधार कार्ड लोड किया जाएगा उसके बाद सभी बच्चों को किट का वितरण होगा। अभी बहुत ऐसे बच्चे है जिनका आधार कार्ड नही है क्योंकि उनके पास जन्म प्रमाण पत्र नही है, जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिये अभिभावक ब्लॉक का चक्कर लगा रहे है। किट वितरण से सरकार का उद्देश्य है की आर्थिक स्थिति से कमजोर बच्चों को सभी तरह के बुक मिल सके जिनसे उनका शैक्षणिक स्थिति में सुधार हो सके। इस मौके पर शिक्षक श्याम किशोर,निशा सिन्हा, उपेंद्र तिवारी,दिलीप कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा व एएनएम की सखी वार्ता

**आरा।** सदर परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-60 पर हब फॉर एम्पॉवरमेन्ट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत, 100 डेज स्पेशल कैंपेन के तहत सखी वार्ता हुआ। जिसमें महिलाओं और किशोरियों के मुद्दों पर चर्चा की गयी। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन लैंगिक विशेषज्ञ डीएचईडब्लू केन्द्र प्रशासक एवं केस वर्कर ओएससी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हब फॉर एम्पॉवरमेन्ट ऑफ वीमेन, वन स्टॉप सेंटर 181, बाल विवाह, दहेज उन्मूलन, साइबर क्राईम, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत नये कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

# गंगा का जलस्तर डेंजर लेबल के पास पहुंचा

## ♦ नाव परिचालन पर लगाया रोक, दर्जनों घाट की डूबी सीढ़िया, विवाह मंडप में पहुंचा पानी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गंगा नदी अपने रौद्र रूप में है। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ते हुए चेतावनी बिंदू को पार कर डेंजर लेबल के करीब पहुंचने वाला है। केंद्रीय जल आयोग से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिसको लेकर दियारा इलाके के लोग भयभीत है। वहीं, गंगा नदी की सहायक नदियां भी उफान पर है।जिनका पानी अब रिहायसी इलाके की तरफ बढ़ रहा है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी में नाव परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है। इसके साथ ही मनाही के बाद भी नौका चलाने वाले पर सख्त करवाई करने की बात कही गई है। इसके साथ जिला प्रशासन द्वारा बक्सर कोइलवर तटबंध का लगातार बाइक पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है।

**कई घाटों में डूबी सीढ़ियां:** बक्सर जिला स्थित रामरेखा घाट, गोला घाट, सती घाट महादेवा घाट की सभी सीढ़ियां गंगा में समाहित हो गई। पानी का लेबल इतना तेजी बढ़ रहा है की नदी का पानी रामरेखा घाट स्थित बनाए गए विवाह मंडप में दो फीट से ऊपर भर गया है। जिससे गंगा नदी में स्नान करने वालों की परेशानी बढ़ गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पानी का रफ्तार यही रहा तो नदी के पानी का शहर में प्रवेश करने में समय नहीं लगेगा।

**बक्सर और उजियार घाट का टूटा संपर्क:** बक्सर में गंगा नदी के उफान से बक्सर के जहाज घाट और यूपी के उजियार घाट के बीच चलने वाली स्टीमर पर रोक लगाने के बाद इन घाटों का संपर्क टूट गया गया। रोजाना इस पार से उस पार जाने वाले हजारों लोगो को परेशानी बढ़ गई है। अब यूपी के उजियार घाट या मंगलाभवानी दर्शन के लिए लोगों ने विरकुंवर सेतु के रास्ते जाना होगा। इसके लिए लोगों को लगभग 15 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी होगी।

**गंगा नदी के दबाव से सहायक नदियों भी उफान पर:** बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर तेजी बढ़ने के कारण सहायक नदियों में लगातार दबाव बढ़ गया है। इसके कारण कर्मनाशा और ठोरा नदी का पानी अब रिहायशी इलाकों की तरफ रुख कर चुके हैं। कर्मनाशा नदी का पानी बनारापुर गांव के वार्ड 10 और 13 के बस्ती के पास पहुंच चुका है। इसको लेकर लोग अपने पशुओं और चारा को सुरक्षित करने में लगे हुए है।




**नदी का बढ़ता जलस्तर बना सेल्फी प्वाइंट:** बता दें कि बक्सर में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कई जगह पर लोगो की परेशानियों का कारण बना हुआ है। वहीं, कई घाटों पर पानी का लेबल बढ़ने के कारण लोगों के लिए यह दृश्य देखने लायक बना है। बक्सर के रामरेखा घाट पर काफी संख्या में पहुंचे लोग कई तरह से रील बनाते तो कई युवा युवती सेल्फी लेते देखे गए। हालांकि, जिला प्रशासन द्वारा लोगो सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। बक्सर के सदर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा द्वारा कई घाटों का निरीक्षण करने के बाद बताया गया कि जान माल को लेकर के तो बहुत चिंता की बात तो नहीं है। क्योंकि जो हम लोगों की प्रारंभिक तैयारी है, उसे हम कर चुके हैं। जिन इलाकों में बाढ़ की आशंका है उनको सुरक्षित आश्रय स्थलों के बारे में बता दिया गया है। नाव परिचालन को लेकर लोगों को पहले भी स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका था। कुछ वीडियो के माध्यम से यह जानकारी मिला की नाव परिचालन किया जा रहा है। इन लोगों पर कार्रवाई किया गया है। आगे भी सख्त निर्देश दिया गया है की आगे सख्त करवाई किया जाएगा।

# भोजपुर में गोली लगने से युवक घायल

निज संवाददाता। आरा

सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर बिंदगांवा गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक को गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाए साइड कमर में लगी है जो दाहिने साइड से होकर निकल गई है। गोली लगने से युवक खून से लथपथ होकर जमीन पर जा गिरा । इसके बाद परिजनों द्वारा आनन–फानन में इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर बिंदगांवा गांव निवासी द्वारिका राय का 32 पुत्र उपेंद्र राय है। घटना की जानकारी देते हुए जख्मी युवक उपेंद्र कुमार ने बताया की वो अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे टॉयलेट करने के लिए जा रहा था । तभी उसे गोली लग गई। गोली लगने के बाद उसे दर्द महसूस हुआ । इसके जख्मी युवक ने अपने परिवार को सूचना दी ।



**हालत खतरे से बाहर:** बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही इलाज कर रहे डॉक्टर विकास ने बताया की जख्मी युवक को गोली लगने से युवक का खून काफी बह गया है। अभी तत्काल एक यूनिट ब्लड का इंतजाम किया गया है। मरीज की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है। हालांकि अभी उससे दो से तीन दिनों तक ऑब्जरवेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

# पत्नी ने पति को झाड़ू से जमकर पीटा, आरा में महिला पर दूसरे लोगों से बात करने का लगाया आरोप

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ले में गुरुवार को आपसी विवाद को लेकर पत्नी ने अपने पति की जमकर पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। नवादा थाना पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी रामजी पांडेय का 38 वर्षीय पुत्र जय शंकर पांडेय है। वह फाइनेंस कंपनी में काम करता है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ले में रहता है। इधर जय शंकर पांडेय ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में 26 नवंबर को हुई थी और उसे दो पुत्र अनमोल एवं शाश्वत है। उसकी पत्नी अक्सर रात में काफी देर तक किसी अन्य पुरुष से मोबाइल पर बात करती है। पूछने पर वह कुछ नहीं बताती। उल्टा वह अपने पिता के पास फोन कर मेरी शिकायत करती है और उसके पिता द्वारा कहा जाता है कि वह तुम्हारे साथ नहीं रहेगी। कल रात मैंने उससे पूछा था कि तुम मेरे साथ रहोगे या नहीं रहोगे साफ कह दो। ताकि मैं तुमसे अपना रफा-दफा कर लूं। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। जब वह अपनी पत्नी से पूछने गया कि तुम मेरे साथ रहोगी या नहीं रहोगी। तभी उसकी पत्नी ने लाठी-डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं दूसरी ओर जख्मी जय



## ♦ अस्पताल में भर्ती शख्स

शंकर पांडेय ने अपने पत्नी के किसी अन्य पुरुष से अवैध संबंध रहने का विरोध करने पर उसकी पिटाई करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पिटाई करने के बाद उसकी पत्नी द्वारा 112 नंबर पुलिस वहां पर फोन कर शिकायत की थी की उसे वह उसे मार रहा है। सूचना पाकर जब नवादा थाना पुलिस वहां पहुंची और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। इलाज करने के बाद पुलिस उसे नवादा थाना ले गई। जब पुलिस ने उसके मुंह में ब्रेथ एनलाइजर मशीन लगाई गई तो शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने जख्मी पति को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# केंद्र सरकार पर दलित समाज के वर्गीकरण का आरोप

## बक्सर में बसपा प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा-सफाई के नाम पर हो रही लूट

निज संवाददाता। बक्सर

बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार बक्सर के बसपा कार्यालय में पहुंचे। यहां इन्होंने मौजूदा राज्य एवं केन्द्र की सरकार पर दलित समाज के वर्गीकरण करने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि वर्गीकरण पर प्रधानमंत्री का बयान आना और कोर्ट का उस पर संज्ञान लेना, संविधान पर खतरा है। यह आरक्षण को तोड़ने का नहीं, बल्कि संविधान को तोड़ने की बात की जा रही है। आज बिहार के साथ-साथ पूरे देश में दलितों के साथ लगातार घटनाएं घट रही है। दलितों के आरक्षण पर भी हमला किया जा रहा है। दलित और आदिवासी समुदाय के सैकड़ों सांसद लोकसभा में है, मगर सब ने इस पर चुप्पी साध ली है। एक मात्र नेता बहन मायावती ने इसका पुरजोर विरोध किया है।




**बसपा दलितों का करना चाहती है उत्थान:** बसपा नेता ने आगे कहा कि बहुजन समाज पार्टी संविधान से चलने वाली पार्टी है। इसी के तहत पार्टी दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों -अति पिछड़ो का उत्थान करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार दलितों के आरक्षण पर जो प्रश्न चिन्ह लगा रही है, उसको बंद करें और इसमें तुरंत पहल करें। बक्सर की हालत पर सवाल खड़े करते हुए नेता ने कहा कि छोटे से शहर के आधा दर्जन से ऊपर मुहल्ले में इन दिनों बारिश के पानी में डूबा है। उन मुहल्लों से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जल जमाव से मुहल्ले वासी परेशान है, मगर उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। एक दो बार और अगर जोरदार बारिश हो जाए तो माताएं -बहनों का घर से निकलना मुश्किल हो जायेगा। यहां के प्रशासनिक पदाधिकारियों से पूछना चाहता हूं कि इतनी बड़ी -बड़ी राशियां आती है, आखिर वो जाती कहां है? सफाई के नाम पर लूट हो रही है। आखिर यह किसकी जिम्मेदारी है? आखिर कौन हैं वो लोग जो बक्सर को बदहाल किए हुए हैं?

उक्त बातें बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने गुरुवार को बसपा के जिला कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही है। अनिल कुमार ने कहा है कि इन समस्याओं पर न तो नगर निगम का ध्यान है ना हीं यहां के वर्तमान सांसद का ध्यान है।

# हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार


निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के चांदी थाना के जलपुरा में पुलिस ने छापेमारी कर कमजोर वर्ग के लोगों को डराते-धमकाते एक हथियारबंद बदमाश को रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़ा गया बदमाश चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव निवासी पवन सिंह का पुत्र अनिल सिंह उर्फ डोमन सिंह है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक कारतूस और पांच खोखा बरामद किया है। इसे लेकर चांदी थाना में धारा 25(1–b) a/26 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। उसने साल 2022 में चांदी क्षेत्र में एलटीएफ प्रभारी के ऊपर भी फायरिंग की थी ,जिसे लेकर प्राथमिकी की गई थी। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियारबंद बदमाश जलपुरा अनुसूचित जाति टोला में लोगों को धमका रहा है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राकेश रोशन ने सशस्त्र बल के साथ वहां छापेमारी की।

# नगर पंचायत की बैठक का पार्षदों ने किया बहिष्कार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा नगर पंचायत में गुरुवार को बोर्ड की बैठक बुलाई गई। वहीं उप मुख्य पार्षद और 9 वार्ड पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इसके साथ ही आरोप लगाया गया कि मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी के कारण नगर पंचायत का विकास कार्य बाधित है। बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार नगर पंचायत में कोई कार्य नहीं होता है। इसके साथ ही ना ही किसी बैठक की कॉपी दी जाती है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में टैक्स वसूली और सफाई एजेंसी का पैसा बढ़ाने के लिए बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी। हम लोगों की मांग थी कि पहले चौसा में लाइट की व्यवस्था की जाए और हर वार्ड में कम से कम नली गली और पानी निकासी की कार्य किया जाए। इसको नकार कर बैठक बुलाई गई। इसलिए विरोध किया जाए। वहीं उन्होंने आगे कहा कि जब तक एक तिहाई बहुमत नहीं होगा तब तक कोई योजना पास नहीं किया जा सकता है। मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी की मनमानी नहीं चलेगी। जब मुख्य पार्षद किरण देवी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बैठक का बहिष्कार विकास के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ के लिए किया गया। जिला पदाधिकारी के आदेश के बाद 15 अगस्त से पहले नगर पंचायत चौसा क्षेत्र के चौक चौराहों पर तिरंगा लाइट लगाने का निर्देश दिया गया है।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एच-एचयू-बीएमडब्ल्यू-24; दिनांक: 08.08.2024.** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 222, बिप्लबी हरेन घोष सरणी, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एच-एचयू-बीएमडब्ल्यू-24 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 30.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, पूर्व रेलवे, हावड़ा के अधीन 11 अदद हेल्थ यूनिटों यानी डीआरएम, एमएसडब्ल्यू, टीकेपीआर, बीएमजी, बीडीसी, ट्रैफिक हेल्थ यूनिट/बीडब्ल्यूएन, लोको हेल्थ यूनिट/बीडब्ल्यूएन, केडब्ल्यूएई, आरपीएच, एजेड एवं केक्यूयू के बॉयो-मेडिकल अपशिष्टों का 3 वर्षों के लिए संग्रहण, परिवहन, ट्रीटमेंट एवं निपटान। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 24,02,453.28। **बयाना राशि:** रु. 84,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0/-। **निविदा अपलोडिंग की तारीख/समय:** 08.08.2024 को दोपहर 12.28 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **समापन अवधि:** 36 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 16.08.2024। **बोली की शैली:** प्रत्येक अनुसूचित मद के लिए एकल दर। **अनुबंध का प्रकार:** सेवा। **अनुबंध की श्रेणी:** व्यय। **बोलियों के लिए रैंकिंग का क्रम:** न्यूनतम से उच्चतम। **व्यय का प्रकार:** राजस्व।

(MED-03/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : सीओएम/पीआरएस/यूटीएस/एएमसी/एएसएन, दिनांक : 07.08.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम/स्थान:** खुली निविदा के जरिए 02 वर्षों की अवधि हेतु आसनसोल मंडल के तहत एटीवीएम तथा सहायक उपकरणों, जिसमें सम्पूर्ण एसएमसी सहयोगी उपकरण (थीन क्लाइंट टर्मिनल, आरएफआईडी कार्ड रीडर तथा डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर) शामिल है, का वारंटी उपरांत ऑनसाइट सम्पूर्ण एएमसी। **निविदा मूल्य:** 18% जीएसटी सहित रु. 30,14,984.94; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 60,300, सिर्फ आईआरईपीएस में उपलब्ध पेमेंट गेटवे अथवा नेट बैंकिंग के जरिए जमा की जानी चाहिए। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00/-। **कार्य की अवधि:** दो वर्ष। **स्थान जहां से निविदा दस्तावेज क्रय किए जा सकते हैं:** www.ireps.gov.in पर सिर्फ ऑनलाइन। **निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** एनआईटी (निविदा आमंत्रण सूचना) में उल्लेखित इस निविदा के बंद होने की तारीख/समय से पहले सभी पहलुओं तथा सभी दस्तावेजों के साथ सम्पूण निविदा प्रस्ताव ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। निविदादाता निविदा बंद होने की तारीख/समय तक किसी भी समय एकाधिक बार बोलियों में बदलाव कर सकते हैं। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in वि.द्र: (1) निविदादाताओं को इस निविदा के तहत निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि के एवज में सिर्फ आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन पेमेंट गेटवे/प्रारूप यानी नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि के जरिए भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद, एफडीआर इत्यादि के जरिए मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं है। निविदा दस्तावेज के साथ अनुबंध के विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध है। (2) रेलवे प्रशासन के पास बिना कोई कारण दर्शाए, चाहे कुछ भी हो, किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को किसी भी समय रद्द/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ASN-142/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### अगस्त क्रांति का जंग-ए-आजादी आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान

**भागलपुर**। फ्रेंड्स ऑफ तिलकामांझी सामाजिक मित्र मंडली की ओर से तिलकामांझी स्थित कार्यालय में गुरुवार को अगस्त क्रांति दिवस की पूर्व संध्या पर "क्रांतिकारी आंदोलन और वीर आदिवासी" विषय पर गोष्ठी हुई। इस अवसर पर वीर आदिवासी क्रांतिकारी तिलकामांझी, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव एवं बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संस्था के प्रधान संरक्षक जगतराम साह कर्णपुरी ने कहा कि जंग-ए-आजादी आंदोलन में अगस्त क्रांति का महत्वपूर्ण स्थान है। मुख्य अतिथि सुमन भारती ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम एक दिन में पूरा नहीं हुआ। आजाद सांसें हासिल करने में हजारों आदिवासी वीर क्रांतिवीरों ने अपने प्राण भारत माता के चरणों में अर्पित किए हैं। अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष इंदु भूषण झा ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में आदिवासी क्रांतिकारियों के आंदोलन को विभिन्न नाम से जाना गया। संपूर्ण देश में वीर आदिवासी, सुदूर जंगलों में रहने वाले वनवासियों ने आजादी आंदोलन को मूर्त रूप दिया। इसके अलावा गोष्ठी को प्रतीक आनंद, सोमनाथ शर्मा एवं अनिल तिवारी ने भी संबोधित किया। मौके पर संस्था के चंदन झा, राणा पोद्दार, अमित प्रताप सिंह, पवन यादव, रोहित यादव समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रीपेड मीटर से घरों में दी जाएगी पीएनजी, लखीसराय-मुंगेर होते हुए फोरलेन के समानांतर 72 किमी बिछाई जा रही पाइपलाइन

**भागलपुर**। पीएनजी पाइपलाइन के लिए शहरवासियों को प्रीपेड मीटर के कनेक्शन दिए जाएंगे। ग्राहकों को इससे उपयोग के आधार पर भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। ग्राहकों को खपत और बचत के आधार की पूरी जानकारी मिलेगी। गैस विपणन कंपनी इसके लिए तैयारी कर रही है। अभी ग्राहकों को दूसरी जगह पर पोस्टपेड मीटर लगाकर दिया जा रहा है। प्रीपेड मीटर लगवाने के लिए भी अधिक दाम देना होगा। कंपनी ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रीपेड मीटर लगाएगी। शहर में 20 हजार घरों को टाइप्ड नेचुरल गैस का कनेक्शन दिया जाना है। लखीसराय से मुंगेर होते हुए 72 किमी की पाइपलाइन बिछायी जानी है। इसके बाद घरों को कनेक्शन दिया जाएगा। इसपर करीब 350 करोड़ खर्च किए जाएंगे। गैस कंपनी ने घरेलू और कॉमर्शियल खपत के हिसाब से सर्वे कराया है। पाइपलाइन का काम ग्रीनफील्ड फोरलेन के समानांतर किया जाना है। मुंगेर में फोरलेन की जमीन का मामला सुलझने के बाद पाइपलाइन के काम में तेजी आएगी। शहरवासियों को 2026 तक टाइप्ड नेचुरल गैस का कनेक्शन देने के लिए काम किया जा रहा है। इंडियन ऑयल (आईओसीएल) को शहर में गैस का कनेक्शन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ओर से मिली है। लेकिन फोरलेन और एनएच-80 के निर्माण में हो रही देरी के कारण पाइपलाइन बिछाने के काम में भी देरी होगी। इसका कारण जबतक सड़क का काम पूरा नहीं होता तबतक एनएचएआई एनओसी नहीं देगा। मुंगेर में 6 किमी में ग्रीनफील्ड फोरलेन में जमीन का मामला सुलझ चुका है। अब निविदा प्रक्रिया तेज होगी।

### ज्ञानदीप पोर्टल पर सीटों की संख्या अपडेट नहीं होने से लगेगा जुर्माना

**भागलपुर**। वैसे निजी विद्यालयों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा, जिन्होंने शिक्षा विभाग के ज्ञानदीप पोर्टल पर सीटों की संख्या को अपडेट नहीं किया है। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा अधिकारियों को संबंधित निजी विद्यालयों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके मुताबिक सीटों की संख्या पोर्टल पर अपडेट नहीं करने वाले निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया है। साथ ही उन विद्यालयों पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने का निर्देश भी दिया गया है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर अलाभकारी समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन की स्थिति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान प्राथमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) को निर्देश दिया गया। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों के नामांकन हेतु छात्र पंजीकरण की अंतिम तिथि छह अगस्त तक थी। नामांकन के लिए ऑनलाइन विद्यालय आवंटन रैंडमाइजेशन द्वारा ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए निजी विद्यालयों को सीटें बतानी होगी।

### लूट की मोबाइल के साथ दो बदमाश अरेस्ट, मुंगेर योग आश्रम के पास हुई थी वारदात



**मुंगेर**। मुंगेर में कोतवाली थाना पुलिस ने लाल दरवाजा से दो लुटेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लूटी हुई महंगी मोबाइल को बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरा लाल दरवाजा निवासी नीतीश कुमार ओर सौरव कुमार है, जिसे जेल भेज दिया गया। घटना की जानकारी कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में 23 जुलाई की शाम योग आश्रम के पिछले गेट के पास हथियार के बल पर तीन बदमाशों ने एक ई-रिक्शा चालक से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

**5 हजार रुपए और एक मोबाइल की हुई थी लूट:** बदमाशों ने चालक से हथियार के बल पर 5 हजार रुपए और एक मोबाइल को लूट लिया था। घटना के बाद पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने कोतवाली थाना पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी। एसपी सैयद इमरान मसूद के आदेश पर सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर जांच कर लाल दरवाजा मोहल्ले से दो लुटेरा को गिरफ्तार किया और लूट की मोबाइल को बरामद किया। इस कांड का खुलासा करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि लाल दरवाजा के रहने वाले तीनों बदमाश नीतीश ,वरुण और रवीश कुमार ने 23 जुलाई को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत योगाश्रम के समीप हथियार दिखाकर एक ई- रिक्शा चालक से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में लाल दरवाजा के रहने वाले नीतीश कुमार और सौरभ कुमार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार बदमाश वरुण ने लूटी हुई मोबाइल अपने भाई सौरभ को चलाने के लिए दिया था और इसी मामले में सौरभ की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि इस कांड में दो बदमाश फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार बदमाश नीतीश पर कई मामले थाने में दर्ज है।

### नृशंस हत्या को अंजाम देने वाले नहीं बचेंगे: शाहनवाज

**भागलपुर**। भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने दवा व्यावसायी की हत्या पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने जिस तरह हत्या की है, अत्यंत पीड़ादायक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि नृशंस हत्या को अंजाम देकर अपराधी बच नहीं सकते। पुलिस अपराधियों को ढूंढ निकालेगी और उन्हें कड़ी सजा मिलेगी। बिहार में एनडीए सरकार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। इधर पूर्व प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार से बात कर शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर निदान दिलाने की मांग की है। रौनक केडिया के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गयी। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करनेवालों में प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रीति शेखर, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, मोंटी जोशी, नंदिकेश शांडिल्य, दिनेश मंडल, प्राणिक वाजपेयी समेत अन्य शामिल हैं। भागलपुर दवा पट्टी में आत्माराम मेडिकल के रौनक केडिया की जिस समय हत्या हुई, उस समय उस इलाके में बिजली गुल थी। सबौर ग्रिड के अनुसार बुधवार की रात तेज बारिश के बाद ग्रिड से 33 केवीए लाइन ब्रेकडाउन हो गया था। दवा पट्टी में जहां से बिजली आपूर्ति होती है, वह हॉस्पीटल फीडर से आती है। फीडर के सभी इलाके में रात लगभग 9.30 बजे से लेकर रात के लगभग 10.40 बजे तक बिजली गुल थी।

# सिर में गोली मारी, टॉर्च जलाकर देखा मरा या नहीं

## ♦ 40 हजार कैश और सोने की चेन छोड़ गए, पुलिस 3 एंगल से कर रही जांच

निज संवाददाता। भागलपुर





भागलपुर में दवा कारोबारी बलराम केडिया के बेटे रौनक केडिया (22) की हत्या सिर में 3 गोली मारकर की गई। तीनों गोली रौनक के सिर में लगी, जिसमें से दो बुलेट आरपार हो गई, जबकि एक फंसी रह गई। अपराधियों ने रौनक के पीछे से 6 राउंड फायरिंग की। गोली मारने के बाद रौनक मरा या नहीं इसे पता करने के लिए बदमाशों ने टॉर्च जलाकर और छूकर चेक भी किया। फिर अपराधी वहां से भाग निकले। रौनक के स्टाफ अंजन ने बताया कि 'वहां एक प्लास्टिक व्यापारी के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दो व्यक्तियों को फायरिंग करते देखा गया है। लेकिन अंधेरा रहने और नाइट विजन कैमरा न होने के चलते अपराधियों की पहचान नहीं हो पा रही है।' वारदात को अंजाम देने के लिए अपराधियों ने पहले गली की रेकी की थी। हत्या के बाद बदमाशों ने रौनक की जेब में पड़े 40 हजार कैश और गले में सोने की चेन को हाथ तक नहीं लगाया। बताया जाता है रौनक की ड्रग माफिया के साथ बहस हुई थी। आत्माराम मेडिकल्स के मालिक और रौनक के पिता बलराम केडिया ने अपने बेटे को सड़क पर पड़ा देखा तो उन्हें लगा कि कोई हादसा हुआ है। साढ़े तीन घंटे तक परिवार यही मानता रहा, लेकिन जब पुलिसकर्मी का पैर खोखे से टकराया तब पता चला कि रौनक को गोली मारी गई है। हत्या बुधवार रात हुई, जिसके बाद गुरुवार को शहर की दुकानें बंद रहीं। शुक्रवार को भी विभिन्न संगठन के लोग सड़क पर उतरे और दुकानें बंद करा दीं।

**मरा या नहीं चेक करने के बाद भागे अपराधी:** रात करीब 9.40 बजे एमपीडी रोड स्थित शनि मंदिर गली में किरण प्लास्टिक बिल्डिंग के ठीक सामने रौनक को गोली मारी गई। अपराधी लगातार फायरिंग कर रहे थे। पिस्टल जब पूरी तरह खाली हो गई तो दो अपराधियों में से एक ने मोबाइल का टॉर्च जलाया और दूसरे अपराधी ने रौनक को छूकर चेक किया कि वह मरा या नहीं। इसके बाद काजीवलीचक और एमपीडी रोड के रास्ते वहां से भाग गए।

**तीन एंगल से जांच में जुटी पुलिस:** पुलिस ने रौनक के मोबाइल को जब्त किया है। इस हत्या की जांच तीन पहलुओं से की जा रही है। पहला कुख्यात ड्रग्स माफिया से बहस, दूसरा प्रेम-प्रसंग और तीसरा जमीन के कारोबार में रुपए लगाने की बात शामिल है। हालांकि परिजनों के मुताबिक उन लोगों की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ना ही उन लोगों को इस तरह की घटना को लेकर कोई धमकी मिली थी। आस-पड़ोस के लोग भी यही बता रहे हैं कि रौनक काफी मिलनसार स्वभाव का था। इन सबके बीच पुलिस को घटना के बाद आस-पड़ोस के लोगों से एक महत्वपूर्ण इनपुट मिला कि कुछ दिनों पहले रौनक की इलाके के बड़े कुख्यात ड्रग्स माफिया से कहासुनी हुई थी। पुलिस को शक है कि यह विवाद किसी लड़की के चक्कर का था। जिसके बाद से रौनक भी तनाव में था। पुलिस इन सभी बिन्दुओं को देखेगी।

**ई-रिक्शा से बेटे को अस्पताल ले गए पिता:** दुकान से घटनास्थल तक पैदल जाने में सिर्फ एक से दो मिनट लगता है। रौनक के स्टाफ ने 9:39 बजे दुकान का शटर बंद किया। इसके बाद वह बलराम के लिए पान लेने चला गया। घटना के करीब नौ मिनट बाद 9:48 बजे रौनक के पिता बलराम भी अपने दोस्त सौरभ पारिख की दुकान से अपने स्टाफ के साथ घर जा रहे थे। रास्ते में उनकी नजर गिरे हुए युवक पर पड़ी। उन्होंने सोचा कि उठाकर देखते हैं कौन है, चेहरा घुमाते ही उनका बेटा वहां मिला। उन्होंने एमपीडी रोड से एक ई-रिक्शा को बुलाया और बेटे को लेकर अस्पताल 9:52 बजे निकल गए। बलराम ने बताया कि पहले वह अपोलो गए, वहां गेट नहीं खुला। इसके बाद सुशीला अस्पताल गए, लेकिन वहां कॉटन तक नहीं दिया गया। इसके बाद सीएनएम अस्पताल गए तो वहां इमरजेंसी में इलाज हुआ, लेकिन बेटे की जान नहीं बच सकी। पिता बलराम का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। बेटा तीन साल से दुकान पर बैठता था।

**घटनास्थल पर कितने मोबाइल एक्टिव थे, जांच होगी:** सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी के मुताबिक, घटना स्थल का टावर डंप डेटा भी निकाला जा रहा है। घटना के समय वहां कितने मोबाइल एक्टिव थे। इसकी जांच हो रही है। यह भी जांच की जाएगी कि रौनक के कुछ जमीन कारोबारी से हाल के दिनों में कैसे संबंध थे। क्योंकि रौनक केडिया की नजदीकियां हाल के दिनों कुछ चर्चित जमीन के कारोबारी के साथ भी बढ़ी थी।

**कैमरे के टाइमिंग में गड़बड़ी संभव:** जो सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे हैं, उसके टाइमिंग में बड़ा अंतर है। हालांकि पुलिस का यह मानना है कि यह तकनीकी गड़बड़ी हो सकती है। क्योंकि मृतक के मेडिकल स्टोर के सामने वाली दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में रात 9.58 बजे पर ई-रिक्शा से रौनक को इलाज के लिए परिजन लेकर जाते दिख रहे हैं। घटना स्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज में टाइमिंग 9.22 मिनट से शुरू हो रहा है।

**डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित:** घटना के बाद करीब 1:30 बजे रात में पुलिस को परिवार के सदस्यों ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद घर पर FSL टीम और पुलिस पहुंची। घटनास्थल पर खून का थक्का जमा था। आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि गोली चलने की आवाज नहीं सुनी, लेकिन गिरने की आवाज आई थी। बारिश के चलते बाहर निकलकर नहीं देखा। एसएसपी ने बताया कि सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया गया है। जांच जारी है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। 4 अफसरों को सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखने में लगाया गया है। जबकि दो अफसरों को मोबाइल कॉल रिकॉर्ड व अन्य एंगल से जांच में लगाया गया है।

# कैंप लगाकर कुपोषित बच्चों के इलाज का निर्देश, पीड़ित बच्चों की सूची होगी तैयार

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर में डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सदर अस्पताल परिसर में संचालित एनआरसी का निरीक्षण किया था। उन्होंने व्यवस्थाएं देखी थी। जिसमें कुपोषित बच्चों को किस तरह के भोजन दिए जा रहे, जानकारी ली थी। दवा व अन्य संसाधनों की क्या स्थिति है, इसके बारे में प्रभारी डॉ. राजू से जानकारी ली। डीएम ने कहा कि मानक के अनुसार कुपोषित बच्चों को भोजन दिया जा रहा है। जिले में 15 से 18 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। ऐसे बच्चों का डाटा ले और इनके लिए कैंप लगा कर काम करे। इस कार्य के लिए रैन बसेरा का उपयोग कर सकते है। जिसमें 45 दिन तक कुपोषित बच्चों को रखे और उनको पोषक आहार व इलाज कर ठीक करें।

**ज्यादा कुपोषित बच्चों को एनआरसी में लाए:** जो बच्चें ज्यादा कुपोषित है उनको सदर अस्पताल के एनआरसी में लाए और उनकी देखभाल कराएं। सदर अस्पताल के क्षेत्रीय जांच घर परिसर में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच सेवा गुरुवार को अचानक बंद हो गई। मशीन का प्रिंटर खराब हो गया था। जिससे परेशानी बढ़ गई। यहां रोजाना सौ मरीजों का अल्ट्रसाउंड किया जाता है। सदर अस्पताल प्रभारी डॉ. राजू ने बताया प्रिंटर खराब होने के कारण जांच बंद हुई थी। जब तक मशीन का प्रिंटर काम कर रहा था तब तक 54 लोगों की जांच हुई थी। शेष 46 लोग की जांच नहीं हो पाई। इन सभी को दूसरे दिन जांच के लिए बुलाया गया है। बाद में मशीन ठीक हो गई।

# स्कॉर्पियो ने हाईवा में मारी टक्कर, 3 घायल, कार सवार देवघर से सिलीगुड़ी की तरफ जा रहे थे

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में गुरुवार की रात स्कॉर्पियो ने हाईवा में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों को आंशिक रूप से चोट लगी है, जबकि तीसरे की स्थिति गंभीर है। घायलों में एक बच्ची भी शामिल है। जिसे नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। घटना पुलिस जिला नवगछिया के विक्रमशिला पहुंच पथ NH-80 गरेया गांव के समीप की है। स्कॉर्पियो सवार सभी लोग देवघर से वापस नवगछिया के रास्ते सिलीगुड़ी की तरफ जा रहे थे। तभी टक्कर हुई। जिसकी आवाज 500 मीटर तक गूंजी। घटना में घायल की पहचान सिलीगुड़ी निवासी रिया कुमारी (14) के रूप में की गई है। वहीं, अंशु यादव, पंकज कुमार मंडल को भी आंशिक रूप से चोट लगी है। इधर, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची परवत्ता थाना की पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो और हाईवे को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**चालक के नींद में होने की आशंका:** प्रत्यक्षदर्शी धीरज ने बताया कि हाईवा चालक एक होटल के समीप रुक कर खाना खाने के लिए जा ही रहा था। तभी तेजी से आ रही स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज 500 मीटर तक गूंज उठी। हम लोग आकर देखे तो कार से सभी लोगों को किसी तरह बाहर निकाले। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने आशंका जताई है कि स्कॉर्पियो चालक के नींद में रहने की वजह से हादसा हुआ होगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया।

# अटेंड्स देखा तो शिक्षिका ने डस्टर-थप्पड़ से मार आंख सूजाया, आधी हाजिरी बनाकर जा रही थी टीचर

निज संवाददाता। मुंगेर



## ♦ छात्राओं ने टोका तो कर दी पिटाई

मुंगेर के उत्क्रमित उच्च स्कूल से छात्राओं के साथ पिटाई का एक मामला सामने आया है। शिक्षिका ने स्टूडेंट के साथ बेरहमी से मारपीट की है। घटना मंगलवार की है। वहीं, गुरुवार को इस मामले में BEO ने छात्राओं से बात करने के बाद DEO को मामला सौंपा है। फिलहाल, टीचर को स्कूल आने से मना कर दिया गया है। मुंगेर के संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय भीखाडीह का मामला है। जहां सांइस टीचर नीभा कुमारी ने स्टूडेंट्स के साथ बर्बरता से मारपीट की है। इस घटना में नौवीं कक्षा की छात्रा आरती कुमारी के आंख के पास काफी चोट आई है। इसके कारण उसकी बाईं आंख के चारों ओर काला पड़ गया है। पूरे चेहरे में सूजन है। आरोप है कि इससे पहले भी नीभा कुमारी जहां पोस्टेड थी, वहां भी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट करती थी।

**डस्टर फेंक स्टूडेंट्स को टीचर ने मारा:** दरअसल, मंगलवार को सांइस की टीचर निभा कुमारी कक्षा 9 में छात्राओं को पढ़ा रही थी। इसी बीच बिना गलती के शिक्षिका ने 5 छात्राओं को डस्टर और थप्पड़ से मारा। एक छात्रा आरती कुमारी पर डस्टर इस तरह फेंका कि उसकी आंख पर लग गई। आंख तो बाल-बाल बच गई, लेकिन चेहरे पर काफी सूजन आ गई है। वहीं, जब स्टूडेंट्स भागने लगे तो सभी छात्राओं को पकड़ कर मारने लगी। इनमें 2 छात्राएं सरकटिया गांव की है। पीड़ित छात्रा आरती कुमारी ने बताया कि मैडम अटेंडेंस बना रही थी। उन्होंने सबका नाम पुकारना शुरू किया। इस बीच मेरा नाम भी आया। मैं खड़ी हुई और अपना हाजिरी लगवाते हुए टीचर द्वारा बनाए गए अटेंडेंस को देखने लगी। फिर मैं वॉशरूम गई। वहां से वापस लौटी तो, मैडम भी क्लास से जा चुकी थी। फिर जब मैडम क्लास में वापस आई तो मैंने कहा कि मैम आपने आधी हाजिरी ही लगाई है। इस पर वो कहने लगी तुम कौन होती हो ये कहने वाली। इसके बाद मैडम ने मुझे डस्टर फेंक मार दिया। सामने आकर हाथ मरोड़ कर पिटाई की। बहुत थप्पड़ मारे। इस दौरान जब मेरी दोस्त लोग बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट करने लगी।

**एक लड़की का सिर दीवार में पटका:** पूजा कुमारी ने बताया कि जब नीभा मैम मेरी सहपाठियों को पीट रही थी तो मैं बचाने गई। तब उन्होंने मेरे बाल पकड़ दीवार पर मेरे सिर को पटक दिया। मारपीट करने की शिकायत जब हमलोग दीपक सर को करने पहुंचे तो भी निभा मैम मारने लगी।

**5 लड़कियों को बेहरमी से मारा:** अंकिता कुमारी सिंह ने कहा कि हम 5 लड़कियों को बहुत बेहरमी से मारी है। आधी हाजिरी लगा कर जा रही थी। इसमें हमलोग टोके थे। बार-बार हाजिरी करने के लिए कह रहे थे, इस वजह से हमलोग को मारने लगी। वहीं, मेरी दोस्त जब कंम्पलेन करने के लिए जाने लगी तो उसके साथ भी मारपीट करने लगी।

**स्टूडेंट्स ने BEO को सौंपा आवेदन:** इस मामले को लेकर स्कूल की छात्रा अंकिता कुमारी सिंह, खुशबू कुमारी, राधा कुमारी, पूजा कुमारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संग्रामपुर को लिखित आवेदन सौंपा है। घटना के बाद छात्राओं ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर शिक्षिका पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने मांग की है कि आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

**पूर्व प्रमुख ने कहा-स्टूडेंट्स को निकालने के लिए पटना तक जाएंगे:** बेरहमी से पिटाई से आहत पेरेंट्स पूर्व प्रमुख धुनेश्वर मांझी के साथ शिक्षिका को समझाने के लिए स्कूल पहुंचे। पूर्व प्रमुख धुनेश्वर मांझी ने बताया कि जैसे ही शिक्षिका निभा कुमारी से छात्राओं के साथ मारपीट करने के बारे में पूछा गया तो वह उल्टे तैश में आकर कहने लगे कि इन छात्राओं को स्कूल से निकालने के लिए पटना भी जाना होगा तो जाएंगे। हालांकि, किसी तरह अभिभावकों को समझाकर मामला शांत कराया गया। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि जैसे ही इसके बारे में जानकारी मिली, हम विद्यालय पहुंचे। घटना के संबंध में जानकारी ली। शिक्षिका को विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं के सामने कड़ी फटकार लगाई। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

**शिक्षिका मानसिक रूप से बीमार:** छात्राओं ने आरोप लगाया है कि शिक्षिका मानसिक रूप से बीमार है। बिना किसी कारण छात्राओं से मारपीट करने लगती है। इसके बाद शिक्षिका को क्लास लेने से रोक दिया गया है। कमलेश कुमार ने आगे बताया कि शिक्षिका के बारे में पता किया है। इससे पहले वह जमालपुर के रामपुर विद्यालय में पदस्थापित थीं। कभी-कभी मानसिक तौर पर बीमार हो जाती थीं। दवा लेने के बाद फिर ठीक हो जाती थीं। क्लास में कभी-कभी साड़ी भी खुल जाता है। पहले भी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट करती थी। सभी बिंदुओं पर पड़ताल कर रहे हैं।

# केदारनाथ मंदिर का स्वरूप लेकर बंगाल से पहुंचे कांवरिए, सेल्फी लेने की मची रही होड़

निज संवाददाता। भागलपुर

## सीने पर भालेनाथ की तस्वीर लगाकर चल रहे भक्त



केदारनाथ मंदिर का स्वरूप लेकर कांवरिया बंगाल से सुल्तानगंज पहुंचे। केदारनाथ का स्वरूप में रास्ते में आकर्षण का केंद्र बना है। शिव भक्तों की टोली ने कंधे पर केंदारनाथ मंदिर के स्वरूप और सीने पर महादेव की तस्वीर लगाकर रखा है। अन्य भक्त कांवरिया पथ पर आकर्षक कांवर के साथ सेल्फी ले रहे हैं। कांवरियों में काफी उत्साह दिख रहा। हर कोई अपने स्तर से कुछ अगल करने की कोशिश में लगा है।

**विभिन्न मार्गों से गुजरे कांवरिया:** कांवर यात्रा गोकुल गार्डन से निकलकर भागलपुर के खलीफाबाग, वेराइटी चौक, सूजागंज बाजार, स्टेशन चौक, लोहिया पुल होते बौंसी रोड से बाबा बासुकीनाथ धाम के लिए निकल गई। इससे पहले 108 कांवरियों ने बरारी सीढ़ी गंगा घाट पर स्नान कर गंगाजल लेकर गोकुल गार्डन पहुंचे। यहां पर विधि-विधान के साथ सभी कांवरियों ने पूजा और आरती कर शाम पांच बने गाजे-बाजे के साथ बाबा बासुकीनाथ को रवाना हुए।

**फूल बरसाए गए:** सभी कांवरिए एक ही रंग के परिधान सिर पर राजस्थानी पगड़ी और कंधे पर कांवर लेकर साथ-साथ चल रहे थे। शिव भक्तों ने कांवरियों के ऊपर खलीफाबाग चौक से लेकर स्टेशन चौक तक फूल बरसाए। यात्रा में झांकी, घोड़े, नगाड़े, डीजे, भजन मंडली के साथ सभी कांवरिया रवाना हुए।

# मारपीट में दो युवक घायल, आपसी विवाद में हुई झड़प

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मामूली विवाद को लेकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के ताती टोला गांव का है। जहां पर वारदात को अंजाम दो लोगों ने मिलकर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सिटी नहीं देने पर युवक की जमकर पिटाई कर दी। घायल के पिता कन्हैया तांती ने बताया कि मोदी टोला गांव के रहने वाले विकास कुमार एवं उनके सहयोगी के द्वारा हमारे पुत्र गौरव कुमार से सिटी मांगा, नहीं देने पर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में पुत्र गौरव कुमार की सिर फट गया। जब बड़ा बेटा गुलशन कुमार समझौता करने के लिए गए तो उसे भी आरोपी ने पीट दिया।

**दो आरोपी घर छोड़कर फरार:** घटना की जानकारी मिलने के बाद एक दर्जन से अधिक संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिसके बाद आरोपी मौका देख फरार हो गए। जहां पर किसी तरह घायल को समझा बूझकर मामले को शांत कराया। घटना में दो युवक घायल है जिसको स्थानीय लोगों के मदद से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज कर डॉक्टर ने घर भेज दिया है। घायल के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। इधर, घटना के बाद से ही गांव छोड़कर दोनों आरोपी फरार है पुलिस ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है मिलने पर विधि समस्त कार्रवाई की जाएगी।



# गुरुजी टीईटी में थे फेल, फर्जी प्रमाणपत्र पर वर्षों से कर रहे थे नौकरी, शिक्षा विभाग ने 5 को किया बर्खास्त

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र पर बहाल शिक्षकों का खुलासा हुआ है। ये शिक्षक टीईटी में फेल हैं, लेकिन वर्षों से फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे थे। ऐसे पांच शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। एफआईआर कराने का भी आदेश दिया गया है। इस खुलासे के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

कहा जा रहा है कि ठीक से जांच हुई तो बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षकों का खुलासा होगा। जिले में पारू प्रखंड में ये शिक्षक पकड़े गए हैं। बिहार बोर्ड ने इन शिक्षकों के टेट सर्टिफिकेट जांच के बाद इनकी सूची जिले को भेजी है। फर्जी प्रमाणपत्र पर बहाल के साथ-साथ राशि गबन मामले में अब इनपर प्राथमिकी का आदेश दिया गया है। जनवरी 2023 में इन शिक्षकों का वेतन बंद किया गया था। कोर्ट में मामला चल रहा था। विभाग ने प्रमाणपत्र सत्यापन को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को इनका प्रमाणपत्र भेजा था।

बिहार बोर्ड ने जांच के बाद पांच शिक्षकों का टीईटी में फेल होने का प्रमाणपत्र भेजा है। यह है पूरा मामला डीपीओ स्थापना नासिर हुसैन ने बताया कि ये शिक्षक अपने वेतन को लेकर कोर्ट में गए थे। इन शिक्षकों का आरोप था कि अकारण ही उनका वेतन भुगतान स्थगित है। इसके बाद इन शिक्षकों के टेट प्रमाणपत्र को सत्यापन के लिए बिहार बोर्ड के पास भेजा गया था। प्रमाणपत्र का सत्यापन होकर मिल गया है। बिहार बोर्ड ने इन पांच शिक्षकों के टीईटी प्रमाणपत्र में नॉट क्वालिफाइड अंकित कर भेजा है। प्रमाणपत्र सत्यापन से स्पष्ट होता है कि इन शिक्षकों द्वारा फर्जी ढंग से टीईटी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त किया गया। अब इन शिक्षकों की सेवा समाप्ति का निर्देश दिया गया है। इनपर प्राथमिकी भी दर्ज कराने को कहा गया है। डीपीओ ने कहा कि पारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई को इस संबंध में निर्देश दिया गया है।

### विभाग ने इन शिक्षकों पर की कार्रवाई

जिन शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है, उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेंगपुर के नुरुल हुदा (टीईटी में 29 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजी मोहम्मदपुर के एनुअल हक (टीईटी में 45 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर नयागांव की सीमा कुमारी (टीईटी में 20 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय टरवा मछौलीया के मोहम्मद नासीर अहमद (टीईटी में 19 अंक) और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया के मोहम्मद कामरान सिद्दीकी (टीईटी में 13 अंक) शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान विश्व का सर्वोच्च विधान : प्रो. इफ्तेखार

**दरभंगा, एजेंसी।** मिल्लत कॉलेज में खेल एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को हमारे संविधान की विशेषताएं विषय पर भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो. इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. अहमद ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वोच्च विधान है, जिसमें महत्वपूर्ण राजनीतिक सिद्धांतों, शक्तियों और सार्वजनिक प्राधिकरण की जिम्मेदारियों की व्याख्या की गई है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है जो हमारे महान लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। खेल प्रभारी सह भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. महेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा संविधान देश का मौलिक कानून है जिसमें सरकार के विभिन्न अंगों के बीच समन्वय की स्पष्ट व्याख्या की गई है। डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी ने सभी से संविधान का सम्मान करने एवं संविधान की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने की अपील की। संचालन डॉ. सोनी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सियाराम प्रसाद, डॉ. जमशेद आलम, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. राज किशोर पासवान, डॉ. मुश्ताक समेत कई शिक्षक, कर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### व्यापारी के हाथों अनाज बेचते पीडीएस डीलर को पकड़ा

**दरभंगा/अलीनगर, एजेंसी।** प्रखंड के मिल्की टोला गांव निवासी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता अशोक राम को गुरुवार की दोपहर ग्रामीणों ने गेहूं व चावल की बिक्री करते हुए रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीण प्रमोद यादव सहित अन्य ने थानाध्यक्ष विनय मिश्रा को फोन कर डीलर द्वारा एक व्यापारी के हाथों अनाज बेचते हुए पकड़ने की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने तत्काल पुलिस बल को भेजकर जुगाड़ गाड़ी पर लादे गए गेहूं एवं चावल के साथ पिरहौली गांव निवासी व्यापारी मदन चौधरी को पकड़कर थाना लाया। सूचना मिलते ही एमओ कल्पना कुमारी थाना पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुईं। इस बाबत व्यापारी मदन चौधरी ने बताया कि कोई व्यक्ति कैसे और कहां से उनके हाथों अनाज बेचता है यह उन्हें मालूम नहीं है। वे तो बस पैसे देकर दिन के उजाले में अनाज खरीदते हैं। इससे पहले भी वे यहां से खरीदारी करते रहे हैं। वहीं, एमओ सुश्री कुमारी ने थानाध्यक्ष से मिलने के बाद जन वितरण दुकान पर पहुंचकर स्टॉक पंजी एवं गोदाम का जायजा लिया। कुछ ग्रामीण लाभुकों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि उन्हें तीन से पांच किलो तक कम अनाज मिलता है। एमओ ने थानाध्यक्ष को बताया कि वरीय अधिकारी से मिलकर उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। तब तक व्यापारी एवं अनाज सहित गाड़ी भी थाने पर रहेगी। एमओ ने कहा कि स्टॉक के अनुसार कुछ बोरी कम थी तो कुछ फर्श पर बिखरी पड़ी थी। आवेदनकर्ता प्रमोद यादव सहित अन्य ने कहा कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। उधर, थानाध्यक्ष विनय मिश्रा ने कहा कि एमओ के आवेदन पर पीडीएस विक्रेता अशोक राम और व्यवसायी मदन चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पीडीएस विक्रेता को नौ बोरी गेहूं व दो बोरी चावल बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया है। मौके से विक्रेता गायब है। व्यवसायी पुलिस की गिरफ्त में है।

### संसाधनों के दोहन से बिगड़ा प्रकृति का संतुलन : डॉ. झा

**दरभंगा, एजेंसी।** प्रकृति के कुपित होने से मानसून का चरित्र बदल गया है। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के चक्कर में मानव ने इतना अनुसंधान कर लिया है कि उसका बैलेंस गड़बड़ा गया। इससे आसमान में बादल मंडरा रहे हैं, पर बारिश नहीं हो रही है। लनामिवि के पीजी भूगोल विभाग में मानसूनी वर्षा की अनियमितता के कारण एवं परिणाम विषयक सेमिनार में मुख्य वक्ता पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. टुनटुन झा अचल ने ये बातें कही। डॉ. अचल ने बताया कि जिस हिस्से में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हुई है, वहां मानसूनी अनियमितता हो रही है। साथ ही बादलों का टूटना, बिजली गिरना, बारिश से बाढ़ आदि जैसी आपदाओं में वृद्धि हुई है। इससे निजात पाने का सबसे बेहतर उपाय पौधरोपण है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानसून का आधुनिक अध्ययन दो वर्षों पुराना है। इससे पहले भारत के किसान डाक वचनों से मानसून का अंदाजा लगाते थे। आज भी डाक के वचनों की प्रासंगिकता बरकरार है। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ. अनुरंजन कुमार ने कहा कि मानसूनी अनियमितता अरेबियन करंट के मजबूत बने रहने और बंगाल करंट के कमजोर पड़ने से हो रही है। इसी की वजह से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र मिथिला में वर्षा का अनुपात घट गया है और राजस्थान जैसे रेतीले स्थलों पर बाढ़ आ रही है।

# किसानों पर नीतीश सरकार मेहरबान; झारखंड, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धान पर बोनस का ऐलान

**पटना , एजेंसी।** बिहार के धान किसानों के लिए खुशखबरी है। पैक्सों और व्यापार मंडलों में धान बेचने पर उन्हें बोनस दिया जाएगा। इस पर सहकारिता विभाग और खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में सहमति बन चुकी है। अब वित्त विभाग की सहमति मिलने पर इस प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिल जाने के बाद किसानों को जल्द से जल्द बोनस का लाभ मिलेगा। सहकारिता विभाग की गुरुवार को हुई बैठक में विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की समीक्षा की गई। इसी बैठक में खरीफ विपणन योजना वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति में राज्य के किसानों को बोनस देने पर विचार किया गया। मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि इस संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय भी स्थापित किया जा रहा है। सरकार के स्तर पर आगे भी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। धान खरीद पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से राशि मिलती है। इसलिए अंतिम निर्णय खाद्य आपूर्ति विभाग के स्तर से ही होगा। दरअसल, धान खरीद बढ़ाने और किसानों को धान का ज्यादा मूल्य देने के लिए विभाग इस पर विचार कर रहा है। इस वर्ष पड़ोसी राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में धान खरीद पर किसानों को बोनस दिया गया था। बिहार में धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई थी। झारखंड में किसानों को 117 रुपये बोनस देकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान लिया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को 917 रुपये बोनस लेकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किया गया। बिहार में धान



का बाजार मूल्य भी 2200 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इसलिए किसानों ने पैक्सों की बजाय व्यापारियों को धान बेचा था। इस वर्ष करीब 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हुई थी। एक साल पहले 42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी।

### 20 जिलों में विशेष किस्म के टमाटर लगेंगे

बैठक में बताया गया कि सब्जी उत्पादन एवं प्रसंस्करण समितियों, संघों तथा फेडरेशन में बहाली के लिए कार्मिक नीति तैयार की जा रही है। शीघ्र ही समितियों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य के 20 जिलों में विशेष किस्म के आलू एवं टमाटर की खेती करने हेतु पौधों एवं बीजों के क्रय हेतु आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। इससे राज्य में आलू एवं टमाटर की प्रोसेंसिंग वेराइटी की फसल प्राप्त होगी।

### मक्का खरीद में एजेंसी की रुचि नहीं

समीक्षा में बताया गया कि राज्य में इस वर्ष मक्का अधिप्राप्ति के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन (एनसीसीएफ) नोडल एजेंसी है। एनसीसीएफ के रुचि नहीं लेने के कारण मक्का अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही है। इस वर्ष 205 गोदामों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। शीघ्र ही इनका निर्माण कराया जाएगा। विभागीय पदाधिकारी को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम इंदौर भेजने पर सहमति बनी।

बैठक में मंत्री प्रेम कुमार, प्रधान सचिव संतोष कुमाल मल्ल, विशेष सचिव बिरेन्द्र प्रसाद यादव, अपर निबंधक प्रभात कुमार, सैय्यद सरवर हुसैन, संयुक्त निबंधक भरत कुमार, विकास कुमार, ललन शर्मा, संतोष झा, शंभूसेन कुमार, निसार अहमद, संजय कुमार, कामेश्वर ठाकुर, अमर झा, उप निबंधक प्रवीण कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# मुजफ्फरपुर में गिरिराज सिंह चौक का बैनर लगा, जिला प्रशासन बोला- कार्रवाई होगी




**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के प्रमुख व्यापारिक शहर मुजफ्फपुर में कलमबाग चौक पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज चौक के नाम पर गिरिराज चौक का बैनर लगा दिया गया है। चौक का नाम बदलने की खबर ना जिला प्रशासन को है और ना ही नगर निगम को। गिरिराज सिंह फैंस क्लब नाम के संगठन ने मुजफ्फरपुर नगर निगम से कलमबाग चौक का नामकरण गिरिराज चौक करने की मांग की है। बताते चलें कि गिरिराज बेगूसराय से दूसरी बार सांसद बने हैं और पहले एक बार नवादा से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं।

लखीसराय जिले के बड़हिया इलाके के रहने वाले गिरिराज सिंह की छवि एक कट्टर हिंदूवादी नेता की रही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मशहूर कलमबाग चौक के पास अचानक से गिरिराज चौक का बोर्ड लगा दिया गया है। गिरिराज सिंह फैंस क्लब ने यह बोर्ड लगाने का दावा किया है। गुरुवार को कलमबाग चौक से आगे मोड़ पर अचानक से गिरिराज चौक का बोर्ड लगा दिया गया। वहां से गुजरने वाले लोग देखकर चर्चा करने लगे कि इस चौक का नाम कब से गिरिराज चौक हो गया है। चौक का नाम बदलने की कोई सरकारी घोषणा तक नहीं की गई है। इधर, जिला प्रशासन ने ऐसी किसी जानकारी से इनकार किया है। प्रशासन ने कहा है कि इसकी जांच कर मामले में समुचित कार्रवाई की जाएगी।

गिरिराज चौक का बोर्ड लगाने के संबंध में एसडीओ पूर्वी अमित कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि किसी शरारती तत्व ने ऐसा किया है। वहीं गिरिराज सिंह फैंस क्लब के संरक्षक देवांशु किशोर ने कहा है कि गिरिराज सिंह हिन्दू हृदय सम्राट हैं, इसलिए स्थानीय लोगों ने चौक को गिरिराज चौक का नाम दिया है। किशोर ने कहा कि स्थानीय लोग नगर निगम बोर्ड से आग्रह करेंगे कि वह इस चौक का नामकरण गिरिराज चौक करने के लिए समुचित कदम उठाए।

# राजगीर में बनी पक्षीशाला, अगले माह उद्घाटन:सौ से अधिक प्रजातियों को रखने की होगी व्यवस्था

**प्राकृतिक वातावरण के लिए दो सौ से अधिक लगाए पौधे**

**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर की जू-सफारी में सूबे की सबसे ऊंची पक्षीशाला (बर्ड एवियरी) बनकर तैयार है। सितंबर महीने में इसका उद्घाटन किया जाएगा। इस पक्षीशाला में देसी-विदेशी पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियों को रखने की व्यवस्था की गई है। आधा हेक्टेयर में फैली इस एवियरी की ऊंचाई 50 फीट है। पक्षियों के आवास के समीप वैज्ञानिक नाम के साथ, उनकी जीवन-प्रणाली से संबंधित होर्डिंग लगी होगी। इससे छात्र और पक्षी विज्ञान के शोधार्थी जानकारियां ले सकेंगे।

एवियरी के इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि यह पक्षियों के रखरखाव की घेरानुमा बड़ी संरचना है। पक्षी यहां आकाश में उड़ने का बखूबी लुत्फ उठा सकेंगे। छोटे पंछी इसमें से बाहर जाकर उन्मुक्त गगन में भी विचरण कर सकेंगे। एवियरी में कई झाड़ियों के अलावा बांस, फलदार व फूलदार 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शहतूत, लक्ष्मण फल, रामफल, सीताफल, अमरूद, सेमल, सलैया शामिल हैं। ऐसे में एवियरी के अंदर प्राकृतिक वातावरण का पक्षी अनुकरण करते हैं। एवियरी के चारों ओर 6 फीट गोलाई में बटर फ्लाई पार्क बनाया गया है। जलीय पक्षियों की सुविधा के लिए तालाब भी बनाए गए हैं।



### दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में है

उप निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि एवियरी का प्राचीन उपयोग 1500 के दशक से भी पहले का है। लेकिन, आधुनिक तरीके से पहली बड़ी एवियरी वर्ष 1880 में रॉटरडैम चिड़ियाघर में स्थापित की गई थी। दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में है। राजगीर जू-सफारी के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि राजगीर पक्षीशाला बनकर तैयार है। पक्षी लाने के लिए आवेदन किया जा चुका है। पक्षियों के आते ही इसे सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। यह कई मायने में देश की अन्य एवियरी से अनोखी है।

### देश की अन्य एवियरी से अलग

राजगीर बर्ड एवियरी प्रदूषण से बचाव और बेहतर जल प्रबंधन के कारण देश की अन्य पक्षीशालाओं से अलग है। यहां वेबनेट यानि जाली स्टील की बनी है, लेकिन इसकी डिजाइन ऐसी है कि पक्षियों को टकराने के बाद भी चोट महसूस नहीं होगी।

# ट्रेन से गिरकर मौत पर पटना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, मृतक के परिजन को 8 लाख मिलेंगे






**पटना , एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट ने ट्रेन से गिरकर होने वाली मौतों के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस आदेश से आमजनों को बड़ी राहत मिलेगी। कोर्ट ने ऐसे मामलों में आठ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी सूरत में आठ लाख रुपये से कम का मुआवजा नहीं मिलेगा। न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा की एकलपीठ ने शत्रुघ्न साहू की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। बिहार में ट्रेन से गिर कर मौत की घटनाएं अक्सर होती रहती है। कोर्ट ने रेल मंत्रालय की ओर से जारी गजट अधिसूचना 22 दिसम्बर 2016 का हवाला देते हुए कहा कि मुआवजा को लेकर उत्पन्न भ्रम को समाप्त करने के लिए मुआवजा राशि को बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दिया गया है। कोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि यदि ब्याज सहित मुआवजा राशि 8 लाख रुपये से कम है तो उसे कम से कम आठ लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। कोर्ट को बताया गया कि आवेदक के पुत्र ने एक जून 2014 को गया जंक्शन जाने के लिए गाड़ी संख्या 53608 की द्वितीय श्रेणी का टिकट खरीदा था। अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से टिकट लेकर ट्रेन में चढ़ा पर यात्रियों की धक्का-मुक्की के कारण वह चलती ट्रेन से गिर गया। ट्रेन से गिरने के चलते बिपुल साव गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल अनुग्रह नारायण लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने मुआवजा राशि के लिए पटना स्थित रेलवे दावा न्यायाधिकरण में केस दायर किया। न्यायाधिकरण ने आवेदक के अविवाहित पुत्र की मृत्यु पर 4 लाख रुपये का मुआवजा 12 प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज के साथ देने का आदेश दिया। इस आदेश पर रेलवे ने पुनर्विचार अर्जी दायर कर ब्याज को चुनौती दी। न्यायाधिकरण ने अपने पूर्व के फैसला में संशोधन करते हुए 6 प्रतिशत साधारण ब्याज देने का आदेश दिया, जिसे आवेदक ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने आवेदक और रेलवे की ओर से पेश दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला दिया।



# जन्मजय गांव में आपसी विवाद में नया मोड़

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के दौला पंचायत के जन्मजय गांव में हुई लूट की घटना में नया मोड़ सामने आया है। घटना के बाद सदर थाने में दर्ज प्राथमिकी में मामला सामने आया है। इसमें पुलिस की जांच में प्रथमदृष्टया यह बातें सामने आई है कि आपसी विवाद के कारण घटना घटित हुई थी। पीड़ित द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना से 1 दिन पहले गांव में किसी विवाद को लेकर पंचायती हुई थी। इसके ठीक एक दिन बाद पीड़ित शमशेर आलम के घर घटना घटित हुई। मामले में एक नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। घटना के दिन एसडीपीओ गौतम कुमार और सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार खुद घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने मौके से घर वालों का बयान भी लिया था। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से घटना की पड़ताल की गई, जो चौंकाने वाले थे। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से घटना की जांच की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को नेत्र जांच कर दी गई चश्मा

**चाईबासा, एजेंसी।** राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र जांच एवं चश्मा का वितरण स्थानीय सदर प्रखंड स्थित राजकीय 10 2 कन्या उच्च विद्यालय चाईबासा में किया गया। सदर अस्पताल चाईबासा के नेत्र पदाधिकारी डॉ. मनोज सिंह मुंडा, नेत्र सहायक कविता महतो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाईबासा की नेत्र सहायक मेरी करुणा टोप्पो ने 10 विद्यालयों के 111 दृष्टि दोष छात्राओं की नेत्र जांच की गई। जिसमें 80 छात्र-छात्राओं को चश्मा लगाने की आवश्यकता बताई गई। नेत्र पदाधिकारी डॉ मुंडा ने कहा कि सभी चिन्हित किए गए चश्मा लगने लायक बच्चों को नि :शुल्क चश्मा जिला अंधापन नियंत्रण समिति की ओर से निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### अंगवाली में उत्पाद विभाग का छापा, जावा महुआ व शराब जब्त

**बोकारो, एजेंसी।** अंगवाली, प्रतिनिधि डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से गुरुवार को अंगवाली उत्तरी के राजाटांड़ में खाजो नदी किनारे छापामारी की गई। यह आलाक् पेटरवार थाना अंतर्गत पड़ता है।जावा महुआ पांच हजार किलो तथा अवैध चुलाई शराब साढ़े तीन सौ लीटर जब्त किया गया। वहीं छापामारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

### जगन्नाथपुर रस्सेल 2 हाई स्कूल में मेधावी पुरस्कृत

**चाईबासा, एजेंसी।** जगन्नाथपुर रस्सेल 2 हाई स्कूल में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोगन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु थे। इस दरौन विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय का पूर्व प्रधानाचार्य इम्तियाज नाजिम ने सभी छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया। विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। मंजिल पाना है तो शिक्षित होगा होगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने कहा कि मेहनत करते रहे मंजिल अपने आप मिल जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धीरज संरक्षक जगदीश सिंकु, पर्व प्रर्चाय इम्तियाज नजीम, मतीन अहमद, बसंती सिंकु,जगदीश सिंकु, अरविंद तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### बीएयू वैज्ञानिकों ने बकरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया

**रांची, एजेंसी।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही बकरी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवस्थित बाराबंकी प्रजनन क्लस्टर का भ्रमण किया। विषाणुजनित पीपीआर रोग से बचाव के लिए 471 बकरियों का टीकाकरण किया। मोरबिली वायरस से फैलेनेवाली इस बीमारी से बकरियों में भारी मात्रा में रुग्णता और मृत्यु होती है। टीम ने बकरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया।पशुपालकों की बीमार बकरियों के लिए दवा वितरित किया और किसान गोष्ठी आयोजित कर रोग प्रबंधन के लिए आवश्यक वैज्ञानिक परामर्श भी दिया। बीएयू की पशु आनुवंशिकी विशेषज्ञ तथा परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि वर्ष 2019 की पशु जनसंख्या के अनुसार झारखंड में बकरी की आबादी 91 लाख है और बकरी जनसंख्या के मामले में झारखंड का देश में आठवां स्थान है, पिछले पांच वर्षों में झारखण्ड में बकरी की आबादी में 38.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### राज्य नि:शक्तता आयुक्त के लिए मांगे गए आवेदन, 60 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा वेतन

**रांची, एजेंसी।** राज्य में लंबे समय बाद राज्य नि-श्शक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस पद पर नियुक्ति के लिए 20 अगस्त तक आवेदन मांगे हैं।पूर्व में मंगाए गए आवेदनों को रद कर दिया गया है और नए सिरे से आवेदन मांगे गए हैं। सरकारी सेवा में कार्यरत, सेवानिवृत्त या फिर गैर सरकारी व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। इस पद पर नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी।हालांकि, आवश्यकता पड़ने पर एक-एक वर्ष का दो बार अवधि विस्तार किया जा सकेगा। इस पद पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है।इस पद पर नियुक्त होने वाले सरकारी कर्मी को जो वेतनमान वर्तमान में मिल रहा है, वही वेतन दिया जाएगा। वहीं, सेवानिवृत्त कर्मी होने पर सरकार के नियमों की गणना कर राज्य सरकार यह तय करेगी।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 का हुआ भव्य शुभारंभ

मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन रहे उपस्थिति, सीएम हेमंत सोरेन ने की अध्यक्षता, कहा :

# आदिवासियों ने कभी नहीं किया अपनी सभ्यता, संस्कृति और मान-सम्मान के साथ कोई समझौता, समाज को आगे बढाने के लिए सभी को करना होगा प्रयास





राज्यसभा सांसद श्री शिबू सोरेन से गुफ्तगू करते सीएम हेमंत सोरेन



भेंट-मुलाकात करते सीएम हेमंत सोरेन एवं विधायिका कल्पना सोरेन

**सीएम हेमंत सोरेन के बोल :**

» आदिवासी महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन, सभ्यता और संस्कृति को संजोने, संवारने और अलग पहचान दिलाने का एक बेहतर प्रयास आदिवासियों की आदिकाल से ही समृद्ध सभ्यता-संस्कृति और परंपरा रही है

» आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने के लिए विकास को दे रहे नया आयाम

» जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

सोन वर्षा वाणी | रांची

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव- 2024 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य में तीसरी बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। यह सिर्फ एक महोत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह अपनी प्राचीन और समृद्ध जनजातीय सभ्यता-संस्कृति और विरासत को संजोने, संवारने और देश -दुनिया में पहचान दिलाने का एक प्रयास है।

### हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ मना रहे हैं विश्व आदिवासी दिवस

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्यभर में हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी अपनी सभ्यता और संस्कृति की चमक बिखेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन और कला-संस्कृति को अलग पहचान देने का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। यहां आयोजित हो रहे आदिवासी महोत्सव में हमें आदिवासियों की कला -संस्कृति, परंपरा, गीत- नृत्य और उनकी वेशभूषा से रूबरू होने का मौका मिल रहा है।

### जनजातीय सभ्यता, दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। आदि काल से ही आदिवासियों की सभ्यता -संस्कृति और परंपरा काफी समृद्ध रही है। दुनिया में अलग-अलग हिस्सों में आदिवासी समुदाय वास करते हैं, लेकिन उनके सभ्यता -संस्कृति में कहीं न कहीं एकरूपता देखने को मिलती रहती है। जनजातीय कला- संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित करने के साथ समृद्ध करने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणाश्रोत हमेशा बना रहे।

### अपनी सभ्यता- संस्कृति और जल- जंगल -जमीन के लिए झारखंड के आदिवासी हमेशा संघर्ष करते रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों को विरासत में संघर्ष मिला है। यहां के आदिवासियों ने अपनी सभ्यता- संस्कृति और मान-सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। जल- जंगल -जमीन की रक्षा के खातिर लंबा संघर्ष किया। हमें गर्व है अपने उन वीरों पर, जिन्होंने अन्याय, शोषण एवं देश-राज्य के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

### वीरों और शहीदों की धरती रही है झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदियों से वीरों और शहीदों की धरती रही है। चाहे आजादी के पहले की बात हो या आजादी के बाद अथवा झारखंड अलग राज्य के लिए चली लंबी लड़ाई। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, भैरव- चांद, फूलो झानो, नीलाम्बर पीताम्बर, तिलका मांझी, शेख भिखारी, बुधु भगत, टाना भगत, निर्मल महतो और विनोद बिहारी महतो जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अन्याय -शोषण, आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार, और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। अपने इन वीर शहीदों को नमन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों को बहुत संघर्ष के बाद मुकाम हासिल होता है । इसके लिए उन्हें एक लम्बी लड़ाई लड़नी होती है । ऐसे में आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सरकार तो प्रयास कर ही रही है। आपको भी अपनी भूमिका निभानी होगी। आप आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है।

### लोगों की उम्मीदों को पूरा करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार से जनता को काफी उम्मीदें हैं। हम जन आकांक्षाओं को पूरी ताकत के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार की ओर से अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को सशक्त और स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत चुनौतियों के बीच भी राज्य में विकास को नया आयाम देने का कार्य कर रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य दे सकें।

इस महोत्सव में माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय अध्यक्ष राज समन्वय समिति-सह- राज्यसभा सांसद श्री शिबू सोरेन और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन और मंच पर मौजूद अन्य गणमान्यों ने डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित 12 पुस्तकों का विमोचन किया । वहीं, 257 लोगों के बीच 73 हज़ार 5 सौ 83 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया गया। महोत्सव की शुरुआत में गणमान्यों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी । वहीं, माननीय राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री ने आदिवासी प्रदर्शनी शिविर और आदिवासी चित्रकार शिविर का उद्घाटन और अवलोकन किया।



आदिवासी संस्कृति और पहचान को समेटे 32 जनजातियों की शोभा यात्रा

### झारखंड एटीएस की सिमडेगा जेल में छापामारी, गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे के पास मिला स्मार्टफोन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने सिमडेगा पुलिस के सहयोग से सिमडेगा मंडल कारा में गुरुवार को छापामारी की।

इस छापामारी में जेल परिसर स्थित अर्द्धनिर्मित बिल्डिंग से एक स्मार्ट फोन बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, यह मोबाइल कुख्यात अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य आकाश राय उर्फ मोनू का है। इस मामले में आकाश राय उर्फ मोनू के विरुद्ध एटीएस थाने में कारा अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एटीएस अब उससे उसके अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों पर भी कानून सम्मत कार्रवाई की जा सके। एटीएस को सूचना मिली थी कि सिमडेगा मंडल कारा से अमन साहू गिरोह का सदस्य आकाश राय मोबाइल पर रंगदारी मांग रहा है। इसी सूचना के आधार पर झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने सिमडेगा पुलिस का सहयोग लिया और मंडल कारा में छापेमारी की। करीब पांच घंटे की तलाशी के क्रम में उक्त मोबाइल मिला है।

# झारक्राफ्ट के स्टॉल में डोकरा आर्ट बना मुख्य आकर्षण

निज संवाददाता | रांची

झारखंड आदिवासी महोत्सव पर शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में आदिम संस्कृति की झलक दिखी। पार्क में सभी तरफ जनजातीय परिधानों में मौजूद लोगों का हुजूम था। उल्लास से भरे हंसते-खिलखिलाते चेहरे। जनजातीय संस्कृति की अद्भुत छटा। रूम्बुल की टीम नगाड़ा, मांदर और बांसुरी के साथ मौजूद थी। वहीं राज्य भर से आये जनजातीय नृत्य दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों में जोश भर दिया। महोत्सव में दर्जनों स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें जनजातीय संस्कृति से जुड़ी चीजें बिक्री और प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं। इन स्टॉलों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन सहित कई विशिष्ट हस्तियों ने स्टॉलों पर विजिट किया और उत्पादों की सराहना की। रांची में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में झारक्राफ्ट के स्टॉल में डोकरा आर्ट मुख्य आकर्षण बना हुआ है। डोकरा आर्ट की बनी तरह-तरह की कलाकृतियां लोग खूब पसंद कर रहे हैं। यहां इनके बनाने की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की जा रही है। यहां पर चावल नापने का पइला सहित कई जनजातीय आभूषण भी मौजूद हैं। स्टॉल में सिल्क और कॉटन की साड़ी, चादर, बेडशीट और गमछा भी उपलब्ध हैं।

**मशरूम के पापड़ और अचार भी पसंद कर रहे लोग :** झारखंड स्वाभिमान के स्टॉल में मशरूम से बने पापड़, अचार, मशरूम पाउडर और ड्राई मशरूम आदि उपलब्ध हैं। स्टॉल में मौजूद अनिमा जया टोपनो ने बताया कि इन उत्पादों की खासी डिमांड है। मशरूम का पाउडर अभी काफी कम लोगों के पास ही उपलब्ध है। सूखे मशरूम सहित इन चीजों को अच्छे से स्टोर कर रखा जाये, तो यह काफी लंबे अरसे तक चलते हैं। किसी भी मौसम में मशरूम के व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है।



**रुगड़ा के अचार की भी हो रही बिक्री :** एक अन्य स्टॉल में रुगड़ा का अचार, महुआ का अचार, पुटकल, कटहल, ओल और आंवला का अचार मिल रहा है। रुगड़ा के अचार की कीमत 400 रुपये है, जबकि महुआ व पुटकल आदि के अचार 120 रुपये में उपलब्ध हैं। इसके अलावा महुआ के लड्डू, रागी (मड़ुआ) का मिक्सचर, मशरूम कुकीज आदि भी उपलब्ध हैं।

**वनौषधि पौधे तथा कंद-मूल की भी बिक्री :** फिया फाउंडेशन तथा अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के स्टॉल में वनौषधि पौधे तथा कंद मूल मिल रहे हैं। स्टॉल में आक का फूल, शहतूत, गेठी कंदा, सरगुजा, कोराइया खाल, वन खजूर, जंगल तुलसी के पौधों को प्रदर्शित किया गया है। आक का फूल दर्दनाशक होता है। कोराइया खाल का उपयोग ब्लड प्रेशर ठीक करने के लिए किया जाता है। गेठी कंदा और सनई आदि खाने के काम आते हैं।

**स्टॉल पर छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय की बांसुरी :** ट्राइब्स इंडिया के स्टॉल में छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय की बनायी बांसुरी उपलब्ध है। यह आम बांसुरी से थोड़ी लंबी होती है। इस स्टॉल में जनजातीय पेंटिंग भी उपलब्ध थी। इसके अलावा जय चाला अखड़ा के स्टॉल में बानाम नामक वाद्य यंत्र मिल रहा है। यह दिखने में सारंगी जैसी होती है। इसकी कीमत 1500 रुपये है। इसके अलावा जनजातीय डिजाइनवाले कुर्ते, साड़ी, फेटा आदि की भी खूब बिक्री हो रही है।

# टाटा स्टील में बोनस पर फैसला जल्द, यूनियन ने प्रबंधन को लिखी चिट्ठी

**रांची, एजेंसी।** टाटा स्टील में बोनस समझौता को लेकर टाटा वर्कर्स यूनियन ने अधिकारिक पत्र भेज दिया है. यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु ने पत्र मैनेजमेंट को लिखा है, इसमें मांग की गयी है कि बोनस समझौता पर जल्द फैसला लें और बैठक शुरू की जाये. पत्र के बाद बाद वार्ता शुरू होगी, ऐसी उम्मीद है. कई दौर की वार्ता के बाद समझौता होगा.

वैसे पहले से फार्मूला तय हो चुका है, जिसके आधार पर समझौता होगा. लेकिन आने वाले साल के लिए भी बोनस का फार्मूला तय किया जा सकता है. संभावना है कि बोनस में कुछ नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि बीते वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022-2023 से कम मुनाफा हुआ है.






हालांकि, प्रोडक्टिविटी में बढ़ोतरी हुई है.

इसके अलावा सेफ्टी की भी राशि नहीं मिलेगी, क्योंकि इस बार मौत और एलटीआइआर के मामले ज्यादा हुए हैं. यूनियन टाटा स्टील मैनेजमेंट से रायशुमारी कर अतिरिक्त राशि ले पाती है या नहीं, इस पर सभी कर्मचारी की नजर रहेंगी. पहले से यह तय हो चुका है कि बोनस अब फीसदी के आधार पर नहीं, एकमुश्त राशि कर्मचारियों को बोनस के मद में दी जायेगी, जिसका वितरण उनके ग्रेड के अनुसार किया जायेगा.

पिछले साल के फॉर्मूला के आधार पर ही होगा समझौता. 2022 में हुए समझौता के तहत पुराने बोनस फॉर्मूला को वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के लिए बढ़ा दिया गया था. इसके तहत फायदा का 1.5 फीसदी, प्रोफिटेबिलिटी पर प्रॉफिट प्रति टन सेलेबल स्टील, प्रोडक्टिविटी प्रति टन क्रूड स्टील का एक व्यक्ति प्रति वर्ष उत्पादन करना और सेफ्टी यानी एलटीआइआर के आधार पर वर्ष 2024 तक का समझौता होना है. इसी फॉर्मूला के आधार पर बोनस समझौता होगा.

पिछले साल बोनस मद में 298.82 करोड़ रुपये प्रबंधन से मिले थे , लेकिन यूनियन की मांग पर मैनेजमेंट ने अतिरिक्त 15.88 करोड़ रुपये दिये थे. इस तरह 314.70 करोड़ रुपये बोनस के मद में बांटे गये थे. कुल 11,676 कर्मचारियों को बोनस मिला था. पिछले साल कर्मचारियों को औसतन 1,59,738 रुपये मिले थे. एनएस ग्रेड में न्यूनतम 42,561 रुपये और अधिकतम 1 लाख 21 हजार 718 रुपये बोनस मिले थे.

ओल्ड सीरीज के कर्मचारियों को अधिकतम 4 लाख 61 हजार 019 रुपये बोनस मिले थे. करीब दो साल से कर्मचारियों को 20 फीसदी और उसके अतिरिक्त भी लाभ मिलता रहा है. ऐसे में अब दारोमदार यूनियन पर है कि वह इस बार भी 20 फीसदी बोनस कर्मचारियों को दिलाये.यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु ने कहा है कि फॉर्मूला पहले से तय है.

## हाथो में सजाई सावन की मेंहदी बनाई मनोहारी रंगोली

**हजारीबाग, एजेंसी।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में दो दिवसीय सावन महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने हाथों में रंग-बिरंगी मेंहदी सजाई। वहीं भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर आधारित मनोहारी शुभ रंगोली बनाई। मौके पर आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को सावन महोत्सव के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को समझाया। साथ ही सावन में प्रकृति से जुड़ाव की जानकारी दी। इस दौरान महिला प्रशिक्षु और प्राध्यापिकाएं भी सावन का प्रतीक हरे परिधान और शृंगार में आकर्षक में लग रही थीं। मेंहदी प्रतियोगिता में विद्यालक्ष्मी कुमारी व वर्षा सिंह संयुक्त रूप से प्रथम, संजय कुमार द्वितीय और अनीशा कुमारी व सुमन कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सावन महोत्सव का समापन शुक्रवार को होगा। समापन समारोह में प्रशिक्षुओं की ओर से पावन माह श्रावण के गीतों की फुहार बरसेगी। इसमें कजरी गीतों की झंकार खनकेगी। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव की देखरेख में सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, स्नेहलता खलखो, डॉ मीरा कुमारी, वर्षा कुमारी, महिला शिक्षकेत्तरकर्मी पम्मी कुमारी, ज्योति हेमा एक्का आदि ने महोत्सव के आयोजन में सहयोग किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## भारत की इकॉनमी मजबूत

पिछले हफ्ते अमेरिका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में जो गिरावट शुरू हुई, उसका असर सोमवार को भी भारतीय बाजार पर दिखा। अमेरिका में बिकवाली वहां इकॉनमी के मंदी में फंसने के डर से शुरू हुई। इस बीच, इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका ने भी ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है। अमेरिकी मार्केट में इससे पहले जो तेजी चली आ रही थी, वह ज्यादातर टेक्नॉलजी कंपनियों तक ही सीमित थी। वह भी इस वजह से क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की बदौलत इनकी ग्रोथ तेज बने रहने की भविष्यवाणियां की जा रही थीं, लेकिन जून तिमाही के इन कंपनियों के रिजल्ट आए तो उससे मार्केट को निराशा हाथ लगी। अमेरिका में मंदी का डर बढ़ने से वहां के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पॉलिसी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उसे ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देनी चाहिए थी? वैसे, मंदी का डर बढ़ने के बाद फेडरल रिजर्व कह चुका है कि वह जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा। मार्केट पर जापानी की मुद्रा येन में आई गिरावट का भी असर हो रहा है। बैंक ऑफ जापान (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने हाल ही में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। असल में, बड़े विदेशी निवेशक वहां बेहद कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर उसे भारत सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में लगाते हैं। इसे येन कैरी ट्रेड कहा जाता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और येन में आई गिरावट की वजह से अब ऐसे सौदे काटे जा रहे हैं। इससे भी मार्केट पर दबाव बढ़ा है। ग्लोबल बिकवाली की वजह से भारतीयों बाजार पर भले ही दबाव बढ़ा है, लेकिन इसकी तुलना अमेरिका के टेक्नॉलजी शेयरों में तेजी वाले मार्केट से नहीं की जा सकती। अव्वल तो भारतीय इकॉनमी बेहद मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज थी। इस वित्त वर्ष में भी उसका यह दर्जा बना रह सकता है। बड़ी बात यह भी है कि भारतीय बाजार की विदेशी निवेशकों पर निर्भरता बेहद कम हो गई है और डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स इसकी ताकत बने हुए हैं। वैसे, यह बात सही है कि भारतीय बाजार का वैल्यूएशन कुछ अधिक हो गया था, लेकिन किसी भी हाई ग्रोथ मार्केट को अक्सर ऊंचा वैल्यूएशन मिलता है। और, भारतीय कंपनियों की मुनाफे में बढ़ोतरी की रफ्तार को देखें तो यह वैल्यूएशन अधिक नहीं लगता। इसलिए, भारतीय निवेशकों को इस गिरावट से घबराना नहीं चाहिए।

## कोचिंग है या मौत के घर

सर्वोच्च न्यायालय की एक ताजा तल्ख टिप्पणी अब इतिहास में दर्ज हो गई है। न्यायालय ने दोटूक कह दिया कि वास्तव में ये स्थान (कोचिंग सेंटर) मौत के घर बन गए हैं। सबसे खास पहलू यह है कि अदालत ने कोचिंग सेंटर हादसे का स्वयं संज्ञान लिया है। ऐसे कम ही अवसर आते हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय किसी मसले को स्वयं संज्ञान योग्य समझता है। अतः संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने जो उद्गार प्रकट किए हैं, उसके शब्दों को सकारात्मक रूप में लेने की जरूरत है। इसमें कोई शक नहीं कि 27 जुलाई को मध्य दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में एक आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत कोई सामान्य घटना नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उचित ही कहा है कि कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले अभ्यर्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करने के साथ ही, यह भी कहा है कि यह घटना आंखें खोलने वाली है और किसी भी संस्थान को तब तक संचालन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, जब तक कि वह सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं करता है। मतलब, कोचिंग संस्थान तब तक ऑनलाइन काम कर सकते हैं, जब तक कि वे सुरक्षा मानदंडों और बुनियादी सुविधाओं को पूरा नहीं करते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कोचिंग आज एक बड़ा व्यवसाय है, कोचिंग संस्थानों के बीच कमाने की होड़ लगी है और हर संस्थान ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अपने दायरे में लाना चाहता है। यह बहुत दुखद है कि ऐसे संस्थानों का फोकस छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता पर नहीं है। अनेक ऐसे संस्थान हैं, जिन्होंने शुरू में बहुत उम्दा काम किया, छात्रों व युवाओं का सही मार्गदर्शन किया, पर अब वे शिक्षा की दुकान की तरह बन गए हैं, जहां पैसे का तो मूल्य है, पर जीवन और शिक्षा की गुणवत्ता हाशिये पर धकेल दी जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय अगर ऐसे प्रतिकूल या बिगड़े हुए माहौल में आमूलचूल सुधार की कोशिशों को आगे बढ़ा सके, तो हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता।

# प्रकृति की चेतावनियों को अनसुना करना ठीक नहीं

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? प्रकृति का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? 'स्थावराणां हिमालयः', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25 वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। 16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गई। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गई। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बर्बादी। हजारों लोग मारे गए। हजारों का आज भी पता नहीं चला। नदियों का बढ़ा जलस्तर देख डर लग रहा था। लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स और नौसेना ने 10 हजार से ज्यादा सैनिक और 50 से ज्यादा हेलीकॉप्टर और विमान लगाए। वायुसेना के विमानों ने 2137 बार उड़ान भरी। 1.10 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया गया। साल-दर-साल बीतते चले गए। हादसे के निशान तो अब भी पहाड़ों की ढलानों पर दिखते हैं। केदारनाथ धाम जाने की दूरी भी बढ़ गई। क्योंकि रामबाड़ा कस्बा पूरी तरह से खत्म हो गया था। नया रास्ता बनाया गया। जो पुराने रास्ते से करीब तीन किलोमीटर ज्यादा है। पहले आप केदारनाथ घाटी के बाएं पहाड़ों पर चलते हुए मंदिर तक जाते थे अब रामबाड़ा से रास्ता दाहिनी ओर कट जाता है। उत्तराखंड का शहर जोशीमठ धीरे-धीरे जमीन में धंसता जा रहा है। 2023 में जोशीमठ से जुड़े समाचार देश दुनिया में छाये हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है, जिनमें वर्षों से चल रहा अनियोजित निर्माण, जलविद्युत परियोजनाएं और उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव शामिल है। 1976 में एक सरकारी रिपोर्ट में जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी, जिसमें कहा गया था कि मिट्टी की भार वहन क्षमता की जांच के बाद ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में उचित जल निकासी और सीवेज प्रणाली के निर्माण तथा कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट ब्लॉक लगाने का भी सुझाव दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की हर हिदायत और चेतावनी को अनसुना किया गया। वायनाड में जो कुछ हुआ, यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी मौज मस्ती और ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भूस्खलन आए। उनमें से करीब 60 फीसदी केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। विशेषज्ञों की मानें तो, जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भूस्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में भू-स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है। इस हादसे, संकट या घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए। विकास-कार्य जापान और ताइवान सरीखे देशों में भी हो रहे हैं। वहां भी पहाड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसों से बचने के बंदोबस्त भी किए जा रहे हैं। वे दीवार पुश्ता लगाना हो अथवा पेड़-पौधों का रोपण या कुछ और बंदोबस्त करना हो, जापान इसमें अग्रणी रहा है। वहां के पहाड़ों को स्थिर बनाए रखने के लिए विशेष तरह की जालियां तक लगाई गई हैं। देश के उत्तराखंड राज्य में टिहरी बांध में ढलानों की कटाई के बाद बेहतर सुरक्षा उपाय किए गए हैं। ताइवान ने पहाड़ पर दबाव मापी यंत्र लगाकर एक भिन्न प्रयोग किया है। इससे यथासमय पता चल जाता है कि पहाड़ पर कितना दबाव है और वह लोगों को पहाड़ के दरकने को लेकर आगाह कर देता है। हमारे देश में जो निर्माण-कार्य बेलगाम और अनियोजित तरीके से किए जाते हैं। खनन तक धड़ल्ले से कराया जाता है।

*निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिये तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है।*

## बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

(नीरज कुमार दुबे)

दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं। दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं। दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहतन की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। बताया यह भी जा रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5457

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5456

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5457

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | 8 | ■ | 9 | | ■ | |
| ■ | 10 | | 11 | | ■ | 12 | |
| 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | | 19 |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 24 सितंबर 1979 को इस देश ने संविधान अपनाया (2)
3. 1983 का प्रुडेंशियल कप (विश्वकप) क्रिकेट इस क्रिकेटर के नेतृत्व में भारत ने जीता था (5)
7. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास (3)
9. एक मोटा वस्त्र, सपटा (2)
10. क से ह तक की वर्णमाल (4)
12. सूर्य, पुत्र (अंग्रेजी)(2)
14. सप्ताह का दिन (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
18. कोलकात के समीप स्थित प्रसिद्ध शिवलिंग (शिवपुराणानुसार)(5)
20. पुराणानुसार इंद्र के सारथि का नाम (3)
21. जिसे प्यास लगी हो (2)
22. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
24. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
25. विमान पथ, धावन पथ (3)
26. काबिल, योग्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ग्रीष्म अनुभूति, धूप (2)
2. व्यर्थ, बेमतलब, बेफिजूल (3)
4. झपोला, विविध भारती से प्रसारित कार्यक्रमों में से एक (3)
5. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
6. वादा, इकरार (3)
8. एक वात रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है, पक्षाघात (3)
11. भाद्रप्रद के शुक्ल तृतीय को महिलाओं का व्रत विशेष जिसमें निर्जला रहकर रात्रि जागरण कर भजन आदि करती है (5)
13. दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
15. ऊंट, बैल आदि की नाक में बंधी हुई रस्सी (3)
17. भयंकर युद्ध (4)
19. करूणा, दया, तरस (3)
21. प्रेम, मुहब्बत, इश्क (2)
23. दिल्ली की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम)(2)
24. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल (2)

### वर्ग पहेली 5456 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ला | ब | ■ | सो | म | ना | थ |
| ल | ल | क | ■ | म | द | न | ■ |
| ब | च | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | सा |
| द | ■ | ■ | मु | ग | ल | का | ल |
| न | ई | दु | नि | या | ■ | ति | ■ |
| ■ | द | म | ■ | ना | ग | ब | ल |
| आ | गा | ■ | क | ■ | री | ■ | ग |
| शा | ह | ज | हां | ■ | ब | न | ना |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपके सुख सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। सम्मान प्राप्त होगा और आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे। धार्मिक यात्रा का प्रसंग स्थगित हो सकता है और शुभ व्यय कीर्ति में वृद्धि होगी। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। अच्छे समाचार से मन को संतोष होगा।

### वृष
आज लाभ होगा और आपका दिन तनावमुक्त होगा। किसी भी मामले में सोचसमझकर विवेक से काम लें। व्यर्थ के विवाद में न उलझें, हानि हो सकती है। खानपान में सावधानी बरतें। वरना आपकी सेहत बिगड़ सकती है। आपको धन के निवेश से जुड़ा कोई फैसला काफी सोचकर लेने की सलाह है। आपके परिवार में कोई आपकी आर्थिक मदद कर सकता है।

### मिथुन
आज दिन करियर के मामले में लाभ देने वाला होगा और आपको कहीं से शुभ समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपकी माता को कष्ट कर सकता है। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के काम से दूर रहें। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### तुला
आज लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। महान व्यक्तियों की कृपा से आपको धन लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। अवसर का लाभ उठाने के लिए सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपके लिए दिन सम्मान से भरा होगा और किस्मत साथ देगी।

### वृश्चिक
आज अचानक से लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन लाभ होने से आपके मन को काफी संतोष रहेगा। शाम के समय हर्षदायक समाचार मिलेगा और आपके मन को खुशी होगा। रात्रि में किसी शुभ समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है और आपकी जान पहचान लोगों के साथ बढ़ेगी।

### धनु
आज लाभ होगा और आपका दिन सुख शांति में बीतेगा। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कम हो जाएगा। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में आपकी विजय होगी और दिन लाभ व सम्मान से भरा होगा। आपको ससुराल पक्ष के लोगों से आर्थिक लाभ मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आर्थिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ व्यय से आपको कष्ट हो सकता है। नज़दीक व दूर की सकारणीय यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे। आपके लिए शाम को धन आगमन के योग बन रहे हैं और आपको बिजनस में जबर्दस्त लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपके आय के नए स्रोत में इजाफा होगा और आपको दोस्तों से लाभ होगा। किसी के सहयोग से आपका कोई रुका कार्य बन सकता है और आपको करियर व कारोबार के मामले में लाभ होगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और अचानक से पैसा मिलने से आपकी कई रुकी योजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। आज का दिन प्रभाव बढ़ाने का है और आपकी सुख संपत्ति में वृद्धि होगी। ज़मीन की खरीद फरोख्त के मामले में सावधान रहें। अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपको प्रसन्नता होगी और आपको शुभ कार्य में लाभ होगा। मन में प्रसन्नता होगी।

### मकर
आज लाभ होगा और आज आपके सुस्त पड़े कारोबार में सुधार होगा और आपको धन लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा और आपको संतान पक्ष के लोगों से सुखद समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतोषजनक समाचार से आप हर्षित होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का शुभ अवसर आपको मिलेगा। सांसारिक सुख भोग का लाभ होगा और आपके लिए सुख समृद्धि का दिन है। रात में किसी विशेष समारोह में महान व्यक्ति के मिलने से बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य में गति आएगी और आपको खुशी होगी।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा और आपको लाभ होगा। किस्मत का साथ मिलने से आपको रुका पैसा मिल सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

पेरिस ओलंपिक

## संन्यास के बाद पदक विजेता पीआर श्रीजेश को मिली नई जिम्मेदारी



**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास ले लिया। हालांकि, अब भी वह टीम से जुड़े रहेंगे। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

## नीरज चोपड़ा की इंजरी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी भी चिंतित

- सिल्वर मेडल की बधाई देते हुए कही यह बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (9 अगस्त) को दिग्गज एथलीट नीरज चोपड़ा को फोन करके पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने चोपड़ा से कहा कि उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। वहीं नीरज ने चोट के कारण स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने का मलाल जाहिर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद नीरज की इंजरी पर अपडेट लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सराहना की और कहा, आपने चोट के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हमें आप पर गर्व है। चोपड़ा ने जवाब दिया कि वह भविष्य में और अधिक मेहनत करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो करके गोल्ड अपने नाम किया। नीरज ने 89.45 मीटर का थ्रो किया। उनके 5 थ्रो फाउल रहे।

## पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में मनु बाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे



**पेरिस (एजेंसी)।** मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। आईओए ने बयान में कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# 'गोल्डन ब्वॉय' ने जीता 'सिल्वर'

- पाकिस्तान के नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण



**पेरिस, एजेंसी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल रहे और आजाद भारत के पहले एथलीट बन गए। आठ अगस्त को खेले गए फाइनल मुकाबले में नीरज 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 92.97 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इस पर अब नीरज ने प्रतिक्रिया दी है।

जैवलिन थ्रो के फाइनल मुकाबले में नदीम ने पांच लीगल थ्रो किए, इनमें से दो प्रयास उनके 90+ मीटर के रहे। नदीम का आखिरी प्रयास 91.79 मीटर का रहा। नदीम ने पहला प्रयास में फाउल किया था। वहीं, तीसरे प्रयास में उन्होंने 88.72 मीटर थ्रो, चौथे प्रयास में 79.40 मीटर थ्रो और पांचवें प्रयास में 84.87 मीटर थ्रो किया। 92.97 मीटर के थ्रो के साथ पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड भी बना दिया। इससे पहले जेवलिन थ्रो में ओलंपिक रिकॉर्ड एंड्रियास थोरकिल्डसेन के नाम था। एंड्रियास ने 23 अगस्त 2008 को बीजिंग ओलंपिक में 90.57 मीटर दूर भाला फेंककर रिकॉर्ड बनाया था। अरशद के दमदार प्रदर्शन पर अब भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने बात करते हुए बताया कि हर एथलीट का अपना दिन होता है।

उन्होंने कहा, आज अरशद का दिन था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन कुछ चीजों पर ध्यान देने और काम करने की जरूरत है। वहीं, अपने प्रदर्शन पर भी नीरज ने चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, जब भी हम देश के लिए पदक जीतते हैं तो हम सभी खुश होते हैं।

अब खेल में सुधार करने का समय आ गया है। हम बैठकर चर्चा करेंगे और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाएंगे। नीरज ने भारत की भविष्य की ओलंपिक संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए वादा किया कि किसी और देश और इवेंट में भारत का राष्ट्रगान सुना जाएगा। उन्होंने कहा, भारत ने (पेरिस ओलंपिक में) अच्छा प्रदर्शन किया। आज भले ही हमारा राष्ट्रगान नहीं बजाया गया हो, लेकिन भविष्य में इसे सुना जाएगा।

# ओडिशा के सीएम माझी ने हॉकी टीम के लिए इनाम की घोषणा की

रोहिदास को 4 करोड़ देने का ऐलान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी और टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पीआर श्रीजेश के बचाव की बदौलत भारत ने पेरिस ओलंपिक में स्पेन को यवेस डू मनोइर स्टेडियम में 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। विशेष रूप से भारत ने 1972 के म्यूनिख खेलों के बाद 52 वर्षों में पहली बार लगातार कांस्य हॉकी पदक जीता।

सीएम माझी ने घोषणा की कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कर्मचारियों के लिए 10 लाख रुपए का इनाम आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा के अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। सीएम माझी ने कहा, भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता है, आने वाली पीढ़ी इस जीत को याद रखेगी... मैं अमित रोहिदास और अन्य सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं, और मैं यह भी घोषणा करता हूं कि सभी खिलाड़ियों को 15 लाख रुपए और स्टाफ को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे... अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए दिए जाएंगे...।

इस बीच ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम से बात की। ओडिशा के पूर्व सीएम ने पेरिस में कांस्य पदक मैच में स्पेन को हराने के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को बधाई दी। नवीन पटनायक ने फोन पर कहा, ओडिशा और पूरे भारत की ओर से भारतीय टीम को बहुत-बहुत बधाई, हमें आप पर बहुत गर्व है। बहुत-बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया।

भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल रहे श्रीजेश भावनाओं से भरे मैदान पर उतरे और टीम के बाकी खिलाड़ी भी भारत के हॉकी इतिहास के इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाने के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में भारत ने इतिहास रच दिया और ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक जीते। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (30प्रतिशत, 33 प्रतिशत) के गोल उन्हें फिनिश लाइन तक पहुंचाने के लिए काफी थे। स्पेन के लिए मार्क मिरालेस (18 प्रतिशत) एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है मोहम्मद शमी की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे विश्व कप के बाद चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में जल्द वापसी की उम्मीद की जा रही है।

शमी बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे।

इसमें मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में (7-57) शानदार गेंदबाजी भी शामिल है। वनडे विश्व कप के बाद मोहम्मद शमी को दाहिनी एड़ी में चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था।

# विनेश फोगाट संन्यास वापस लेंगी, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पूरा करेंगी गोल्ड का सपना?



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल की दावेदार होने के बावजूद अयोग्य घोषित होने के बाद विनेश फोगाट ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। उन्होंने फैसला किया कि अब वह अपने सबसे प्रिय खेल में हिस्सा नहीं लेंगी, लेकिन इस बीच उन्होंने की कवायद शुरू हो गई है। उनकी फैमिली और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने फैसला वापस लेने की गुजारिश की है।


भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले अयोग्य ठहराए जाने के बाद अपनी मां को संबोधित एक भावुक संदेश में कुश्ती को अलविदा कहने की घोषणा कर दी और कहा कि अब उनमें आगे खेलने की ताकत नहीं है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने संन्यास की घोषणा की। अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय विनेश ने लिखा, 'मां, कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना। आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब।'

दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडल विजेता ने कहा, 'अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे माफ कर दीजिए।' विनेश ने बुधवार को खेल पंचाट (कैस) में ओलंपिक्स फाइनल से खुद को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाए। रेसलिंग की अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने हालांकि स्पष्ट कर दिया है कि वजन से जुड़े वर्तमान नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडल विजेता पहलवान बबीता फोगाट ने अपनी चचेरी बहन विनेश से आग्रह किया कि कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करें। बबीता ने कहा, '2012 में मैं भी एशियन चैंपियनशिप में नहीं खेल पाई थी क्योंकि मेरा वजन 200 ग्राम अधिक था। ऐसे कई अन्य उदाहरण हैं जिसमें पहलवानों को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित किया गया है। पूरी दुनिया जानती है कि ऐसा कुश्ती के नियमों के कारण हुआ।'

बबीता ने कहा कि देश विनेश के कुश्ती को अलविदा कहने के फैसले से दुखी है और उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर फिर विचार करेंगी और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक्स के लिए ट्रेनिंग करेंगी। बबीता ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगी और 2028 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी और अपनी मां और मेरे पिता का सपना पूरा करेंगी। पिताजी (महावीर फोगाट) ने भी कहा है कि एक बार जब वह घर आएगी तो वह उसे अपने फैसले पर ड्पुनर्विचार करने और फिर से मैट पर उतरने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

# रूस की शतरंज खिलाड़ी ने प्रतिद्वंद्वी को दिया 'जहर' रूसी शतरंज संघ ने किया निलंबित



**पेरिस (एजेंसी)।** रूसी गणराज्य दागेस्तान की 40 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अमीना अबकारोवा को रूसी शतरंज संघ द्वारा निलंबित कर दिया है।

उन्हें 2 अगस्त को दागेस्तान शतरंज चैंपियनशिप के दौरान अपनी प्रतिद्वंद्वी उमयगनत उस्मानोवा को कथित तौर पर जहर देने के कारण उन्हें तीन साल तक की जेल हो सकती है।


कैमरे में अबकारोवा को खेल से 20 मिनट पहले उस्मानोवा के बोर्ड के पास चलते हुए देखा गया तथा बोर्ड और उस्मानोवा के कुछ मोहरों पर थर्मामीटर से घातक पारा लगाते हुए दिखाया गया है। खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही उस्मानोवा को अस्वस्थता महसूस होने लगी, उन्हें चक्कर आने लगे जिसके कारण उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए बुलाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसा जहर के कारण हो सकता है। अबकारोवा ने अपना गुनाह करते हुए कहा है कि वह उस्मानोवा के प्रति व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण अपनी प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर करना चाहती थी। उसने दावा किया कि उसका इरादा उस्मानोवा को नुकसान पहुंचाना नहीं था बल्कि उसे डराना था।

इस घटना ने शतरंज समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। रूसी शतरंज संघ के अध्यक्ष एंड्री फिलाटोव ने पुष्टि की है कि अबकारोवा को जांच लंबित रहने तक रूसी शतरंज प्रतियोगिताओं से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। उन पर आजीवन प्रतिबंध लगने की संभावना है।

# ओलंपिक विवाद के बाद स्वदेश लौटी अंतिम पंघाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आईं। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया। इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया।

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम



की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।

अंतिम बुधवार को महिलाओं की कुश्ती के 53 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद ओलंपिक से बाहर हो गई थीं। भारत वापस लौटने से पहले 19 वर्षीय अंतिम ने कहा, 'मेरा कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था। मेरी तबीयत ठीक नहीं थी और भ्रम की स्थिति थी। यह सब भ्रम की वजह से हुआ। बाद में एक वीडियो में अंतिम ने स्वीकार किया कि उसे पुलिस थाने जाना पड़ा लेकिन केवल अपने मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए अच्छा दिन नहीं था। मैं हार गई। मेरे बारे में बहुत कुछ फैलाया जा रहा है, यह सच नहीं है। मुझे तेज बुखार था और मैंने अपनी बहन के साथ होटल जाने के लिए अपने कोच से अनुमति ली थी। अंतिम ने कहा, 'मुझे अपने कुछ सामान की जरूरत थी जो खेल गांव में था। मेरी बहन ने मेरा कार्ड लिया और वहां अधिकारियों से पूछा कि क्या वह मेरा सामान ले सकती है। वे उसे मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए उसे पुलिस स्टेशन ले गए। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनके कोच नशे में थे और किराए को लेकर टैक्सी ड्राइवर से उनकी कहासुनी हो गई थी।

अंतिम ने कहा, 'मेरे कोच प्रतियोगिता स्थल पर ही रुक गए थे और जब वे वापस आना चाहते थे तो हमने उनके लिए एक कैब बुक की। मेरे कोच के पास पर्याप्त नकदी नहीं थी और भाषा संबंधी समस्याओं के कारण टैक्सी ड्राइवर से उनकी बहस हो गई।

# एडिलेड टेस्ट से पहले डे नाइट वॉर्म अप मैच खेलेगा भारत

- पिछली बार 36 रन पर सिमट गई थी विराट कोहली की टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले भारत को कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ गुलाबी गेंद से दो दिन का अभ्यास मैच खेलना है। यह मैच पहले और दूसरे टेस्ट के बीच 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में खेला जाएगा।

पिछले दो सत्रों में प्राइम मिनिस्टर इलेवन की टीम 2022 में वेस्टइंडीज (डे-नाइट) और 2023 में पाकिस्तान से खेली है। भारत के साथ मैच को केवल दो दिनों का होगा। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर भारत ने एडिलेड में डे नाइट टेस्ट आठ विकेट से गंवा दिया था। विराट कोहली की अगुआई वाली टीम दूसरी पारी में अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर 36 रन पर आउट हो गई थी। फिर शानदार वापसी करते हुए अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम 2-1 से जीती थी।

**भारत ने सिर्फ चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं:** भारतीय टीम पिछली बार जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई थी तब एडिलेड चार मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट था। यह कोविड-19 के कारण सीमा बंद होने की चुनौतियों के बावजूद पूरा हुआ था। इस बार सीरीज पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट होंगे। कुल मिलाकर भारत ने सिर्फ चार डे-



नाइट टेस्ट खेले हैं। आखिरी बार टीम 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में डे नाइट टेस्ट खेला गया था।

**पिंक बॉल टेस्ट में केवल एक बार हारा ऑस्ट्रेलिया:** ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू) मैच खेले हैं। इसमें पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार शामिल है। यह पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली हार थी। हाल के सीज़न में प्राइम मिनिस्टर इलेवन एक मजबूत टीम रही है। मैट रेनशॉ ने पिछले दो मुकाबलों में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ 81, नॉट आउट 101 और नॉट आउट 136 रन बनाए हैं।

**मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी:** हालांकि, पिछले सीजन में मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी। यह पिच बहुत धीमी थी। गेंद काफी नीचे रह रही थी।

पर्थ में टेस्ट के लिए आदर्श तैयारी के लिए स्थिति नहीं थी। हालांकि खराब मौसम ने ग्राउंडस्टाफ के लिए मुश्किल पैदा कर दी थी। मैच का अंतिम दिन रात भर के तूफान के बाद रद्द कर दिया गया था। कवर्स उड़ गए थे।

**इंडिया ए की एक टीम अक्टूबर के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी:** भारत को 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट से पहले 15-18 नवंबर तक वाका में इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेलना है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी।

## एक नजर

### हत्या के आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा थाना के ईटवां गांव में 50 वर्षीय सरयू प्रसाद की हत्या के आरोपी राकेश कुमार ने पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। गौरतलब है कि 3 अगस्त की रात आरोपी ने सरयू प्रसाद की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतक की पत्नी पूनम देवी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश डाल रही थी। इसी वजह से आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### 12 अगस्त को भाजपा की बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के कैथी बनकट गांव में 12 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित होगा। शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए भाजपा महामंत्री अनिल आर्य ने कहा कि इस बैठक में सभी कार्यकर्ता,प्रकोष्ठ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख सहित सभी सदस्यों को उपस्थित होना अनिवार्य है।

### नागपंचमी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नागपंचमी को लेकर शुक्रवार को हसपुरा प्रखण्ड के बिहटा गाँव के नागदेवता के मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।देवहरा,पचरुखिया,पथरौल समेत दर्जनों गाँवों से काफी संख्या में श्रद्धालु यहाँ लगने वाले मंगराहट मेले में पहुंचे। महिलाएं हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना की। यहाँ के पुजारी श्री राम तिवारी ने बताया कि यहां के मंदिर आस्था व सद्भाव का प्रतीक है। बक्स बाबा को दर्शन करने एवं उन पर दूध-लावा चढ़ाने को लेकर मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। बक्स बाबा जी जय के नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। बताया जाता है कि यहाँ सांप काटे आये लोगों को यहाँ के कुआं में स्नान करने व बक्स बाबा की जयकारी से साँप का विष निकल जाता है और मनुष्य चंगा हो जाता है।

### जीतन राम मांझी व उनके परिवार को आरक्षण छोड़ देना चाहिए : पूर्व मंत्री

**औरंगाबाद (का.सं.)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में वर्गीकरण किए जाने वाले निर्णय के सवाल पर बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी का समर्थन करते हुए यह कहा जाना कि कुछ स्वार्थी लोग आरक्षण का लगातार फायदा उठा रहे हैं। इसलिए उसको आरक्षण से बाहर किया जाना चाहिए। मैं इस तरह के उनके बयान का न सिर्फ पुरजोर विरोध करता हूं बल्कि उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर आपके एवं आपके परिवार, रिश्तेदारो के पास इमानदारी एवं नैतिक बल है तो सबसे पहले आपको घोषणा करना चाहिए कि मैं तीन पीढ़ियों से मुसहर समाज को मिलने वाला आरक्षण का लाभ ले रहां हूं। इसलिए अब मैं अनुसूचित जाति-जनजाति का मिलने वाले आरक्षण का हकदार नहीं हूं। लेकिन जुबान से एसी बातें नहीं निकलेगी। दूसरो को उपदेश देना अच्छा लगता है लेकिन स्वयं पूरा परिवार, रिश्तेदारो के साथ मिलकर पूरा मांझी, मुसहर परिवार के आरक्षण का हिस्सा लगातार हजम किए जा रहे हैं।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आगामी योजनाओं पर दिए गए निर्देश

- 15 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका, आईसीडीएस और कृषि विभाग की योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त औरंगाबाद अभ्येन्द्र मोहन सिंह के कक्ष में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम में कुट्म्बा, मदनपुर, नबीनगर एवं देव प्रखण्ड शामिल है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों,एवं सभी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों, को निर्देश दिया गया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत कुल छह सूचकांको का शत-प्रतिशत उपलब्धि हेतु कार्यों में तेजी लाया जाए, सम्पूर्णता अभियान के तहत बचे हुए समय का कार्य योजना तैयार कर रोस्टर के अनुरूप प्रत्येक दिन का गतिविधि का संचालन करें एवं निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा बताया गया कि सीईओ नीति आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार आगामी 15 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में संपूर्णता अभियान के तहत चिन्हित सभी छह संकेतकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका, आईसीडीएस एवं कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है।

उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संपूर्णता अभियान के तहत सभी संकेतकों में प्राप्त किए गए उपलब्धि को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 8 सितंबर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के दिन सभी प्रखंड मुख्यालय में जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता ,आंगनबाड़ी सेविका, किसानों, एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा प्रभात फेरी एवं छात्र एवं छात्राओं के बीचपाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गये। 17 सितंबर को स्वास्थ्य संबंधी कैंप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच,उच्च रक्तचाप व मधुमेह रोगियों की पहचान करना इत्यादि का निर्देश दिए। कृषि विभाग के अंतर्गत 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस के दिन किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त द्वारा नुक्कङ -नाटक एवं जिले के लोकल कलाकारों के द्वारा के संपूर्णता अभियान के बारे में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिए।

इस समीक्षा बैठक में सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी एवं श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीएम सर्व शिक्षा अभियान, डीपीएम जीविका इसके अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा का भव्य सम्मान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के ओजस्वी प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को महाविद्यालय में एक इंटरनेशनल सेमिनार के सफल आयोजन के साथ-साथ मगध विश्वविद्यालय के एजुकेशन विभाग के डीन के रूप में नियुक्ति के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा भव्य सम्मानित किया गया।

इस विशेष अवसर पर प्राचार्य कक्ष में डॉ. मिश्रा को बुके, माला, और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक शक्ति कुमार सिंह ने डॉ. मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा, 'इन दोनों उपलब्धियों के लिए आपको दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई। इन दोनों सफलताओं से महाविद्यालय परिवार को अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। आपके ओजस्वी नेतृत्व ने महाविद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए हैं। आपके साथ और आशीर्वाद से महाविद्यालय परिवार सदैव गौरवान्वित रहेगा।

इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कमलेश कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान), डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन विभाग), और बहादुर भीम कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन विभाग) उपस्थित थे। इन सभी ने भी डॉ. मिश्रा को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. मिश्रा की इस सफलता से सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय का नाम और गौरव दोनों ही बढ़े हैं, और महाविद्यालय परिवार ने उनके नेतृत्व में और भी ऊँचाइयों को छूने का संकल्प लिया है।

ऑपरेशन रक्षासूत्र संकलन के तहत औरंगाबाद पहुंचे 'सिपाही' के अध्यक्ष, कहा

# सरहदों पर तैनात 16 लाख जवानों की कलाई पर बंधेंगी देश की बहनों के हाथ की बनी राखी

- सान सिक्यूरिटीज प्रा. लि. के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया भव्य स्वागत



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के त्योहार रक्षाबंधन के मौके पर देश की सरहदों पर तैनात 16 लाख सैनिकों की कलाई पर देश की बहनों और स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई राखी पहुंचाने के लिए पूर्व सैनिकों के संगठन 'सिपाही' ने 'ऑपरेशन रक्षासूत्र संकलन-2024' की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत, संगठन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा देशभर में भ्रमण कर बहनों और बच्चों से उनके हाथों से बनाई गई राखियाँ संकलित कर रहे हैं। इन राखियों को रक्षाबंधन के दिन सीमा पर तैनात सैनिकों की कलाई पर बांधा जाएगा, ताकि उन्हें देश के प्रति उनके समर्पण का एहसास कराया जा सके। इसी अभियान के तहत, महेंद्र प्रताप सिंह राणा शुक्रवार को औरंगाबाद पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत सान सिक्यूरिटीज प्रा. लि. के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। मनोज कुमार सिंह ने क्षत्रियनगर में भूतपूर्व सैनिकों के साथ मिलकर उन्हें अंगवस्त्र देकर तथा फ़ुल-मालों से गर्मजोशी से स्वागत किया। मनोज कुमार सिंह की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने न केवल अध्यक्ष का स्वागत करने में अग्रणी भूमिका निभाई, बल्कि इस अभियान की सफलता के लिए भी अपने योगदान से लोगों का दिल जीता। उनके समर्पण और नेतृत्व ने इस आयोजन को एक विशेष ऊँचाई दी।

महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने इस मौके पर जानकारी दी कि अब तक अभियान के तहत 9 लाख रक्षासूत्र संकलित किए जा चुके हैं। उनका लक्ष्य 16 लाख रक्षासूत्रों का संकलन है, जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'रक्षाबंधन के दिन जब देश की बहनों और स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई राखियाँ हमारे सैनिकों की कलाई पर सजेगी, तो यह उनके लिए एक विशेष अनुभव होगा। यह केवल एक धागा नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी भावनाओं और सम्मान का प्रतीक होगा। इस मौके पर पूर्व सैनिक तेजनारायण सिंह, उपेंद्र सिंह, कारू सिंह, अभिषेक सिंह, छोटू चिंगारी, रामबली सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान की सराहना की और इसे सफल बनाने में अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

इस विशेष आयोजन के माध्यम से, न केवल सैनिकों के प्रति देश की बहनों और बच्चों की भावनाएं जुड़ेंगी, बल्कि रक्षाबंधन का त्योहार भी एक नए रूप में सामने आएगा, जहाँ राखी का धागा केवल एक रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि देशभक्ति का प्रतीक भी बनेगा।

# सड़क किनारे मिला व्यक्ति का शव

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में सड़क किनारे 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। हादसा है या हत्या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राहगीरों ने सूचना मुफस्सिल पुलिस को दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पहचान के लिए 72 घंटे तक पुलिस शव को अपने अभिरक्षा में रखेगी। मामला एनएच- 19 भेड़िया गांव के पास की है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक मनीषा बेबी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। शव की पहचान के लिए आसपास के थाना और विभिन्न सूत्रों से पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद शव की शिनाख्त न होने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि मृतक व्यक्ति को देखने से लगता है कि यह साधु संत थे। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुछ दिनों से भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन कर रहे थे और ओवरब्रिज के किनारे ही रात्रि में सोया करते थे। फिलहाल पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने

## घर की छत से गिरकर किशोर जख्मी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में गुरुवार की रात घर की छत से गिरकर एक किशोर बुरी तरह से जख्मी हो गया। छत पर खेलने के दौरान हादसा हुआ। गंभीर स्थिति में उसे ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देख सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा गांव की है। घायल की पहचान तेजपुरा गांव निवासी बबलू राम के 15 वर्षीय बेटे विवेक कुमार के रूप में हुई है। जो छत पर दोस्तों के साथ खेल रहा था।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की देर शाम विवेक (घायल) गांव के ही कुछ बच्चों के साथ अपने घर की छत पर खेल रहा था। तभी वह अचानक घर की छत से नीचे गिर गया। कहराने की आवाज सुनकर हम लोग बाहर आए तो देखा कि विवेक बुरी तरह से जख्मी है। जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए। औरंगाबाद अस्पताल में इलाज कर रहे हैं डॉक्टर ने बताया कि घायल किशोर की स्थिति काफी गंभीर है। घायल को सिर, बाएं पैर, दाहिने हाथ और अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई है। घायल किशोर के पिता किसान हैं। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना के ईटवां गांव में घर में सो रही सुनीता कुमारी की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला की हालत जब बिगड़ने लगी तो परिजन उसे गांव में ही झाड़-फुंक के लिए ओझा के यहां ले गए। लेकिन ठीक नही हुआ। इसके बाद परिजन उसे लेकर हसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए, जहां चिकित्सको ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। इस बीच हसपुरा के प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दी है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के पचरूखिया एनएच 120 पर अज्ञात वाहन की चपेट आने से एक अधेड़ की मौत हो गई जिसकी पहचान पचरूखिया बाजार के सटे बालूगंज निवासी 55 वर्षीय लक्ष्मण पासवान के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि मृतक प्रतिदिन सुबह पचरूखिया बाजार स्थित एनएच 120 सड़क पर टहलने जाता था। शुक्रवार की सुबह भी वह टहलने सड़क पर गया था। टहलने के दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सड़क के किनारे गढ़ा में चला गया और वाहन चालक फरार हो गया। जब लक्ष्मण पासवान दोपहर बाद भी घर नहीं लौटे तो परिजन खोजने लगे।

खोजने के क्रम में लक्ष्मण पासवान का शव कोईलवां मोड़ के समीप सड़क के किनारे गढ़ा में पड़ा मिला। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम दलबल के साथ पचरूखिया पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।

## पृथ्वी दिवस पर धरती को बचाने का लिया संकल्प

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मध्य बिद्यालय बेला के प्रांगण मे 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' के तहत धरती को बचाने के संकल्प के तहत पौधारोपण का अभियान चलाया गया। इसमे बिद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार के नेतृत्व मे सभी शिक्षक भी शामिल हुए। इस दौरान दर्जनों फलदार वृक्ष लगाए।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने स्कूल में अर्थ डे मनाते हुए बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताया और बच्चों से भी पौधारोपण भी करवाया गया। बच्चे काफी खुश नजर आए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में पौधों के महत्व की जानकारी दी।

# नाग पंचमी पर शिवभक्तों के संगठन द्वारा देवघर के कांवरियां पथ में लगाए गए शिविर में हुई विशेष पूजा

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के शिवभक्तों के संगठन नीलकंठ महादेव सेवा समिति द्वारा यहां से 300 किमी दूर देवघर के कांवरियां पथ में लगाए गए सेवा शिविर में शुक्रवार को नाग पंचमी के मौके पर विशेष पूजा आयोजित की गई। पूजा के बाद दिनभर कांवरियों के बीच बाबा का भंडारा चला। इस दिन नमक वर्जित होने के कारण भंडारे में खीर और पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। गौरतलब है कि समिति द्वारा औरंगाबाद से 300 किलोमीटर दूर बांका जिले में कांवरिया पथ पर निःशुल्क सेवा शिविर लगाकर बाबाधाम जाने वाले कांवरियों की सेवा की जा रही है। यह शिविर पूरे सावन महीने तक चलेगा, जहां कांवरियों के लिए हर एक प्रकार की सुविधा निःशुल्क रूप से मुहैया कराई गई है ताकि कांवरिएं काफी कम खर्च कर भगवान शिव को जलाभिषेक कर अपनी मन्नत पूरी कर सकें। समिति के नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष से समिति ने अपनी जमीन पर सेवा शिविर की शुरुआत की है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कांवरियों की व्यवस्था में भी दोगुनी वृद्धि की गई है। वहीं भगवान भोलेनाथ की कृपा से सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बाबा धाम पैदल जाने वाले कांवरियों की संख्या भी शिविर में उम्मीद से ज्यादा आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे शिविर में प्रतिदिन लगभग 10 हजार से अधिक कांवरिया तीनों टाइम पेट भरकर भोजन कर रात्रि में विश्राम भी कर रहे हैं।

# 12 से 14 आगस्त तक पारा विधिक स्वयंसेवकों के चयन हेतु होगा साक्षात्कार

- पारा विधिक स्वयंसेवक का चयन सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है; प्रति कार्य दिवस 500 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के लिए पारा विधिक स्वयंसेवक के रूप में चयन हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तारीख घोषित कर दी गई है। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज के निर्देश पर पारा विधिक स्वयंसेवकों के चयन के लिए 12 से 14 अगस्त तक प्रतिदिन अपराह्न 4.00 बजे से साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार की प्रक्रिया प्राधिकार के विधिक सेवा सदन में पूरी की जाएगी। गौरतलब है कि प्राधिकार के तहल 100 पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन किया जाना है। इसके लिए कुल 312 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके तहत 12 अगस्त को क्रमांक 01 से 100, 13 को 101 से 200 एवं 14 अगस्त, को क्रमांक 201 से 312 तक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार से संबंधित जानकारी अभ्यर्थी प्राधिकार के विधिक सेवा सदन के नोटिस बोर्ड से भी प्राप्त कर सकते है। साथ ही जिन अभ्यर्थियों को अपना क्रमांक ज्ञात नहीं है, वें भी प्राधिकार के कार्यालय से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपनी पहचान से संबंधित आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि अवश्य रूप से साथ लाएंगे। कहा कि पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन कोई सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है। इसके बावजूद काफी अभ्यर्थियों ने इस पद के लिए आवेदन दिया है। कहा कि यह सामाजिक कार्य है। इसके तहत प्राधिकार कार्यालय की ओर से निर्धारित किसी कार्य को करने के लिए प्रति कार्य दिवस 500 रूपये का भुगतान किया जाता है।

# तंबाकू मुक्त विद्यालय के तहत बच्चों के द्वारा रैली का आयोजन

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** राजकीय मध्य विद्यालय बालक रामनगर ओबरा में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज(सी3)के सहयोग से तंबाकू मुक्त विद्यालय के तहत बच्चों के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के सारे विधार्थी और शिक्षक ने घूम-घूमकर पूरे रामनगर गांव में नशा से होने वाली बीमारी और इसे बचने के उपाय नारा के माध्यम से लोगो को बताये और जागरूक किये। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, पेंटिग तथा नशा मुक्त सलोगन तैयार कर प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सी3 के विद्यालय समन्वयक दानिश अरमान ने तम्बाकू निषेध पर बच्चों को बताया कि हमें नशा कदापि नही करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार जी ने बहुत अच्छा सलोगन प्रस्तुत की जो कुछ इस प्रकार था 'जो नशा को अपनाया वो घर लौट के नही आया' साथ ही इस कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार करने वाले शिक्षक श्री पवन कुमार सुभाष ने भी अपने वक्तव्य से चार चांद ला दिये। कार्यक्रम में शामिल शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, किरण कुमारी, गायत्री कुमारी, इशु पटेल मौजूद थे।

आपको पता हो सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी3) और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय को तंबाकू मुक्त विद्यालय बनाने हेतु जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम 5 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजन जिले के सभी विद्यालयों में किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में तंबाकू से बचाएं उसके दुष्प्रभाव संबंधित विशेष सत्र का आयोजन, रैली, चर्चा, पोस्टर, पेंटिंग एवं कई अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता छात्रों एवं शिक्षकों को धूम्रपान से बचने के लिए सभी को प्रेरित करने का संकल्प आदि गतिविधियों के माध्यम से विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाया जाना है।

# 18 साल से फरार नक्सली संगठन का जोनल कमांडर गिरफ्तार, 50 से अधिक मामलों में थी पुलिस को तलाश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस ने 18 साल से फरार जोनल कमांडर को गिरफ्तार किया है। दो राज्यों बिहार-झारखंड की पुलिस 50 से अधिक मामलों में सरगर्मी से तलाश कर रही थी। गिरफ्तार नक्सली गोविंद यादव उर्फ अभय यादव ढ़िबरा थाना के वन मंझौली गांव का निवासी है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने शुक्रवार की शाम बताया कि 18 वर्षों से फरार चल रहे नक्सली के खिलाफ अम्बा थाना कांड संख्या-36/06, जीआर.-2190/06, टीआर-570/24 के तहत कोर्ट से अजमानतीय वारंट के साथ ही कुर्की-जब्ती वारंट निर्गत था। इसी के आलोक नक्सली गोविंद यादव उर्फ अभय यादव कुर्की के निष्पादन की तैयारी में लगी थी। इसी दौरान ढ़िबरा थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार नक्सली अपने घर पर आया हुआ हैं। सूचना से अवगत होते ही पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया।छापेमारी दल ने वन मंझौली पहुंच कर गोविंद यादव के घर को घेर कर उसे धर दबोंचा। गिरफ्तारी के बाद नक्सली ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उस पर बिहार-झारखंड के विभिन्न थानों में 50 से अधिक मामले दर्ज है। इनमें औरंगाबाद में 30 से अधिक, गया जिले में 16 से अधिक एवं झारखंड में 04 से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस गिरफ्तार नक्सली का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। इसके लिए संबंधित थानों से संपर्क किया गया है।

## करंट की चपेट में आकर युवक की हुई मौत

**फेसर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सदर प्रखंड के फेसर पंचायत के आलमपुर गांव में बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आलमपुर निवासी स्व. रामरक्ष्या सिंह के 40 वर्षीय पुत्र टप्पू सिंह के रूप में की गई। वह अपने घर में ही बिजली के तार को जोड़ रहा था। इसी क्रम में करंट की चपेट में आ गए जिससे उसकी घर में ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन रोने बिलखने लगे। आनन-फानन में आस-पास के लोग घर में पहुंचे तो देखा कि बिजली के तार से चिपका हुआ है। इसके बाद इसकी सूचना फेसर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना से एसआई दिग्विजय सिंह, रीता सिंह सहित अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे और मृत शरीर को अपने कब्जे में लिया।

# औरंगाबाद में युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** स्थानीय कांग्रेस विधायक आनंद शंकर सिंह के आवास पर शुक्रवार को युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने की।कार्यक्रम की शुरुआत झंडोतोलन कर राष्ट्रगान के साथ की गई। इस मौके पर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह एवं युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रभारी ने युवाओं को शपथ दिलाया। इस मौके पर सत्येंद्र नारायण सिंहा पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस राष्ट्रहित एवं देश में आपदा के समय विकट परिस्थितियों में लोगों की सेवा भावना से सहायता पहुंचाने का कार्य करता है। युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में बढ़ावा देता है। कई युवा नेता हमारी पार्टी में सर्वोच्च पद पर हैं। युवा कांग्रेस हमेशा युवाओं के हित में आवाज सड़क से सदन तक उठाने का कार्य करता रहता है और समाज के सभी वर्गों को हमेशा साथ लेकर चलने का कार्य करता है। युवा कांग्रेस का देशहित में बढ़ चढ़कर देश के योगदान में कई महत्वपूर्ण योगदान रहा है। युवा कांग्रेस के द्वारा देश के सभी राज्यों में आज के दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पर्यावरण को बचाए रखना बहुत जरूरी है।

# किसान-मजदूरों की ज्वलंत सवालों को ले महासभा ने निकाला प्रतिवाद मार्च

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय श्रमिक संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर शुक्रवार को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर दोनों संगठन की औरंगाबाद इकाई ने किसान-मजदूरों की ज्वलंत सवालों को लेकर भारत सरकार के नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय किसान महासभा ने प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व महासभा के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव कामता यादव, बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन के जिला सचिव अवधेश गिरी एवं अध्यक्ष बिरजू चौधरी ने किया। मार्च भाकपा माले के जिला कार्यालय से निकल कर शहर के रमेश चौक तक पहुंचा, जहां एक नुक्कड़ सभा की गई। सभा को भाकपा माले के जिला सचिव मुनारिक राम, किसान महासभा के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सचिव कामता यादव, निर्माण मजदूर के जिलाध्यक्ष बिरजू चौधरी और सचिव अवधेश गिरी आदि ने संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार किसानों, मजदूरों के खिलाफ कानून बना रहे हैं। पिछले लोकसभा में सभी विपक्षी दलों को सस्पेंड कर जबरन मजदूर विरोधी 4 श्रम कोड बिल पास किया, जो घोर मजदूर विरोधी है। सभा के माध्यम से भारत सरकार से किसानों को फसल लागत का डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य देने, न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, देश के सभी किसानों के कर्ज की माफी, मजदूर विरोधी चार श्रम कोड बिल वापस लेने, बिजली के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने एवं डबल्यूटीओ वापस लेने की मांग की गई। मार्च में नरेश मेहता, रामप्रवेश मेहता, बसंत कुमार, नारायण राम, गुड्डु चंद्रवंशी एवं दिनेश राम आदि शामिल रहे।